

MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 155 | ग्वालियर,14 फरवरी बुधवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एमपी विधानसभा में किसानों के मुद्दों को लेकर जोरदार हंगामा, कांग्रेस विधायकों ने किया प्रदर्शन

मध्य प्रदेश विधानसभा का आज यानी मंगलवार (13 फरवरी) को पांचवा दिन है. इस दौरान आज कांग्रेस विधायकों ने जोरदार हंगामा किया. कांग्रेस विधायकों ने किसानों के मुद्दे को उठाया और हंगामा किया. विधायक बैनर पोस्टर के साथ हंगामा किया. सुरक्षाकर्मियों ने उनसे बैनर पोस्टर छीन लिए. विधानसभा में आज शासकीय विधेयक पेश किए जा रहे हैं. मंत्री गौतम टेटवाल ने प्रांतीय लघुवाद न्यायालय निरसन विधेयक 2024, इंदर सिंह परमार ने मध्य प्रदेश विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2024, राजेंद्र शुक्ल ने मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक पेश किया. एमपी के विधानसभा के पांचवें दिन भी सत्र में पीएम आवास का मामला गूंजा. बीजेपी विधायक ललिता यादव ने पूछा, छतरपुर में अपात्र लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ दिया गया. जिसका जवाब देते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि 21 हितग्राही अपात्र पाए गए हैं. उनसे वसूली की कार्रवाई की जा




रही है. सदन में कांग्रेस विधायकों ने हंगामा करते हुए एमएसपी सहित किसानों की मांगों को पूरा करने की मांग की. केन्द्र और राज्य सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया. पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि एमएसपी सबसे बड़ी चीज है. किसानों के लिए बड़ी महत्वपूर्ण है. सरकार को विचार करना चाहिए.

**सदन में कांग्रेस विधायकों ने किया प्रदर्शन**–बता दें कि एमपी विधानसभा बजट सत्र की शुरुआत सात फरवरी से हुई है. 13 दिन तक चलने वाले इस बजट सत्र के लिए 2 हजार 303 सवाल भेजे गए हैं. इनमें 1 हजार 163 तारांकित प्रश्न शामिल हैं. इस बार सत्र में नौ बैठकें होंगी. विधायक सत्र के लिए सीएम मोहन यादव ने विधानसभा में जवाब देने के लिए सात मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी है. इन मंत्रियों में 4 राज्यमंत्री और 3 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभारी शामिल हैं. 16 वीं विधानसभा का दूसरा सत्र 13 दिन का होगा. बजय सत्र की शुरुआत 7 फरवरी से हो गई है और इसका समापन 19 फरवरी को होगा. इस दौरान कुल 9 बैठकें होंगी. बता दें कि मध्य प्रदेश में विधानसभा में बीजेपी की सरकार बनने के बाद यह पहला बजट सत्र है. ऐसे में विधानसभा सत्र के पांचवें दिन कांग्रेस विधायक किसान के मुद्दों को लेकर सदन में जोरदार हंगामा किया. विधायकों ने सरकार से किसानों की मांगों को पूरा करने की मांग की.

## सीएम मोहन यादव का ये बयान सपा और अखिलेश यादव को कर सकता है परेशान,

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव मंगलवार, 13 फरवरी 2024 को उत्तर प्रदेश स्थित आजमगढ़ में थे. इस दौरान उन्होंने कहा कि आजमगढ़ से मेरा खास रिश्ता है. उनके इस बयान से क्षेत्र में समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव की परेशानी बढ़ सकती है. मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा, भाजपा का वोट शेयर बढ़े, लोग भाजपा से जुड़े इसके लिए पूरे देश में अभियान चल रहा है. इसी सिलसिले में अखिल भारतीय प्रवास कार्यक्रम चालू है.सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मेरा पहला प्रवास आजमगढ़ का है. मेरे लिए और गौरव की बात है, करीब 400 साल पहले मेरे पूर्वज यहीं से गए थे. आजमगढ़ और उत्तर प्रदेश से



मेरा विशेष रिश्ता भी है. मैं अपने कार्यकर्ताओं के बीच आकर अत्यंत आनंदित हूं.इसके अलावा मोहन यादव ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट भी किया. उन्होंने लिखा- मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि आज मैं अखिल भारतीय प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत आजमगढ़ में संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ तीन अलग-अलग बैठकों में शामिल हो रहा हूं. सीएम ने कहा कि बहुत ही प्रसन्नता का विषय है कि हमारे अपने उत्तर प्रदेश में भाजपा का संगठन बहुत ही कुशलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहा है. पीएम मोदी के नेतृत्व में हम एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए कृत संकल्पित हैं.

## किसान थोड़ी ना घर पर बैठेगा, कमलनाथ ने किसान आंदोलन को लेकर दिया बड़ा बयान, कांग्रेस ने दी गारंटी

दिल्ली में हो रहे किसान आंदोलन को लेकर के मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का बड़ा बयान सामने आया है. केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कमलनाथ ने कहा है कि मध्य प्रदेश की 70त्न अर्थव्यवस्था कृषि क्षेत्र पर आधारित है और किसान आर्थिक गतिविधि पैदा करते हैं. किराने की दुकान गांव में चलती है जब किसान की जेब में पैसा होता है.उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों के साथ लगातार यह अन्याय होता रहा है.

## राज्यसभा जाने से कमलनाथ ने कर दिया इनकार? बोले- कभी सोचा भी नहीं

राज्यसभा चुनाव से पहले हाल ही में यह खबरें तेजी से चल रही थीं कि कमलनाथ राज्यसभा जाने का मन बना रहे हैं और इसके लिए उन्होंने सोनिया गांधी से मुलाकात भी की है. हालांकि, अब खुद मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ इन अटकलों को विराम देते हुए स्पष्ट बयान दे दिया है. उन्होंने कहा कि वह राज्यसभा नहीं जाना चाहते. इस बारे में उन्होंने कभी सोचा भी नहीं.

गौरतलब है कि चार दिन पहले ही (शुक्रवार, 9 फरवरी को) कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने सोनिया गांधी से मुलाकात की थी. राज्यसभा चुनाव से पहले इस मुलाकात का बड़ा सियासी अर्थ माना जा रहा था. मध्य प्रदेश



में कांग्रेस को एक राज्यसभा सीट मिलनी है. ऐसे में अटकलों का दौर जारी था कि शायद कमलनाथ ने सोनिया गांधी से राज्यसभा सीट अपने लिए मांगी है.

**छिंदवाड़ा की लोकसभा सीट से भी उम्मीदवारी के थे कयास**–वहीं, छिंदवाड़ा की लोकसभा सीट पर भी कमलनाथ की उम्मीदवारी के कयास लगाए जा रहे थे लेकिन उन्होंने मीडिया में आकर यह बात फिर स्पष्ट कर दी थी कि छिंदवाड़ा की सीट से वह नहीं बल्कि उनके बेटे नकुलनाथ ही कांग्रेस के कैंडिडेट होंगे. एआईसीसी के एलान के बाद नकुलनाथ ही लोकसभा उम्मीदवारी के लिए पर्चा भरेंगे.

**किसान आंदोलन पर भी कमलनाथ ने रखी बात**–कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा, मध्य प्रदेश की 70 प्रतिशत अर्थव्यवस्था कृषि क्षेत्र पर आधारित है. किसान ही आर्थिक गतिविधि को पैदा करते हैं. किराने की दुकान तब चलती है जब किसान की जेब में पैसा होता है. किसानों के साथ लगातार ये अन्याय होता रहा है. सबसे न्यूनतम मांग तो की होनी चाहिए. कम से कम उन्हें सही भाव तो मिले,

## एमपी की सड़कों पर फिर से लौटेगी पिंक बस सीएम मोहन यादव ने किया ये बड़ा एलान

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले एक बार फिर सरकार ने प्रदेश में पिंक बस चलाने का ऐलान कर दिया है. पिंक बस महिलाओं के लिए काफी सुविधाजनक मानी जाती है. पिंक बस में चालक और परिचालक दोनों ही महिलाएं होती है. इसके अलावा इसमें दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के बैठने की सीट भी आरक्षित होती है.मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ऐलान किया है कि मध्य प्रदेश की सभी 16 नगर निगम के अलावा अन्य बड़े शहरों में पिंक बस चलाई जाएगी. इस समय मध्य प्रदेश में अमृत मिशन और जवाहरलाल नेहरू शहरी नवीकरण योजना के तहत 13000 बसों का संचालन किया जा रहा है. लोकसभा चुनाव के पहले महिलाओं को लेकर सरकार की यह बड़ी सौगात मानी जा रही है.



पिंक बस महिलाओं की पहली पसंद मानी जाती है. पिंक बस महिलाओं की सुविधा के साथ-साथ सुरक्षा को लेकर भी उनकी पहली पसंद है.

**मुख्यमंत्री ने किया पिंक बस का वादा**–पिंक बस चलने और टिकट काटने की जिम्मेदारी महिलाओं पर होती है. इसके लिए महिलाओं को ट्रेनिंग दी जाती है तथा उनके लाइसेंस भी बनवा जाते हैं. महिला चालक और परिचालक की वजह से महिलाएं इन बसों में खुद को ज्यादा सुरक्षित मानती है. मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने वादा किया है कि मध्य प्रदेश में फिर पिंक बस चलाई जाएगी. पूर्व में प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी इंदौर में दो बस से चलाई गई थी.

**सुविधा और सुरक्षा की दृष्टि से नंबर वन**–पिंक बस महिलाओं की सुरक्षा ही नहीं बल्कि उनकी सुविधा के लिए भी नंबर वन मानी जाती है. इन बसों में पैनिक बटन भी होता है. इसके अलावा इसका संचालन जीपीएस के माध्यम से मॉनिटरिंग करते हुए किया जाता है.

## एमपी जिला चुनाव में बीजेपी का दबदबा कायम, आशा गोंटिया बनीं जबलपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष



मध्य प्रदेश के जबलपुर जिला पंचायत में अध्यक्ष का निर्वाचन निर्विरोध हुआ है. जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी कांग्रेस से बीजेपी में आने वाली आशा गोंटिया को मिली है. केवल आशा गोटिया का नामांकन पत्र आने की वजह से कलेक्टर दीपक सक्सेना ने उन्हें आज सोमवार (12 फरवरी) को निर्वाचित घोषित कर दिया. इसके साथ बीजेपी ने जिला पंचायत अध्यक्ष का ताज बरकरार रखा है.वार्ड क्रमांक 2 से सदस्य निर्वाचित कांग्रेस की आशा गोटिया ने एक माह पहले ही बीजेपी का दामन थामा था.बता दें कि जबलपुर जिला पंचायत में 17 सदस्य है, जिन्होंने निर्विरोध बीजेपी की आशा मुकेश गोंटिया को अध्यक्ष चुना हैं. पूर्व में जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष बरकड़े के विधायक चुने जाने के बाद से ही यह पद रिक्त था. हालांकि,पहले जिला पंचायत में कांग्रेस और बीजेपी में बराबरी का मुकाबला था, लेकिन पिछले आशा गोटिया और एकता ठाकुर के कांग्रेस छो?कर बीजेपी का दामन थामने से समीकरण बदल गए. इसके बाद बीजेपी का ही जिला पंचायत अध्यक्ष बनाया जाना तय हो गया था.

**किसे मिली जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी** –बताया जाता है कि पिछले कई दिनों से जिला पंचायत अध्यक्ष के नाम को लेकर बीजेपी में माथापच्ची की जा रही थी. कांग्रेस और बीजेपी के जिला पंचायत सदस्यों ने आज सहमति बनाकर निर्विरोध आशा मुकेश गोंटिया को जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में चुन लिया. हालांकि, कुछ दिन पहले ही कांग्रेस से बीजेपी में आई एकता ठाकुर को डील में जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी देने की बात चल रही थी, लेकिन एकता के नाम पर सहमति नहीं बन पाई. बताया जा रहा है आशा गोंटिया विधायक नीरज लोधी की करीबी मानी जाती है. उन्हें कांग्रेस से बीजेपी में लाने का श्रेय नीरज ठाकुर को जाता है.

बता दें कि एमपी के जबलपुर जिला पंचायत का ताज का एक बार फिर बीजेपी को मिला है.

## नर्सिंग फर्जीवाड़े पर आई CBI की रिपोर्ट... 65 कॉलेज अयोग्य, हाई कोर्ट ने कहा- नहीं बरती जाएगी

मध्य प्रदेश में कुल 364 नर्सिंग कॉलेज में गड़बड़ी की शिकायत थी. इनमें से 308 कॉलेज की जांच सीबीआई द्वारा की गई. 56 नर्सिंग कॉलेज की जांच के मामले में सुप्रीम कोर्ट की रोक लगी हुई है. सीबीआई जांच में 169 नर्सिंग कॉलेज को क्लीन चिट मिल गई, जबकि 65 कॉलेज में कई सारी अनियमितता मिली है. 74 ऐसे नर्सिंग कॉलेज हैं, जिनमें कम अनियमितता पाई गई. लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट विशाल बघेल की जनहित याचिका सहित अन्य तमाम याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने विस्तृत आदेश जारी किया है.

**गठित होगी कमेटी**–जस्टिस संजय द्विवेदी और जस्टिस एके पालीवाल की खंडपीठ ने अयोग्य कॉलेजों उनमें अध्ययनरत छात्रों के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित करने का निर्देश दिया है. कोर्ट ने सीबीआई जांच में पाए गए 169 नर्सिंग कॉलेजों के आगे के



संचालन और उनके छात्रों की परीक्षा के रास्ते खोल दिए हैं. इसी तरह जिन 74 नर्सिंग कॉलेजों में सीबीआई की रिपोर्ट में कमियां पाई गई हैं, उनका अध्ययन रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली कमेटी गठित करेगी. यह कमेटी कॉलेजों में पाई गई कमियों का अध्ययन करने के संबंध में अपनी अनुशंसा हाई कोर्ट को प्रस्तुत करेगी.

**कोई भी नरमी नहीं बरती जानी चाहिए**–क्या उन कॉलेजों में अध्ययनरत छात्रों को अन्यत्र किन कॉलेजों में स्थानांतरित किया जा सकता हैड़ इस संबंध में भी कमेटी अपनी अनुशंसा हाई कोर्ट को सौंपेगी. जस्टिस संजय द्विवेदी और जस्टिस एके पालीवाल की खंडपीठ ने अपने आदेश में सख्त लहजे में कहा है कि जांच में अयोग्य पाए गए 65 कॉलेजों में अध्ययनरत छात्रों और संस्थाओं के साथ कोई भी नरमी नहीं बरती जानी चाहिए. इन नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता दिलाने में जिन अधिकारियों और निरीक्षण टीमों द्वारा गड़बड़ी की गई है, उन पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी.

**बाकी बचे नर्सिंग कॉलेजों की भी होगी जांच**–हाई कोर्ट ने सीबीआई को प्रदेश भर में बाकी बचे हुए नर्सिंग कॉलेजों की जांच करने के आदेश भी दिए. दरअसल याचिकाकर्ता द्वारा आवेदन पेश कर कोर्ट को बताया गया था कि कोर्ट में मामला लंबित रहने के दौरान भी अपात्र नर्सिंग कालेजों को लगातार मान्यता दी गई है. ऐसी समस्त संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई कर उनकी निरीक्षण रिपोर्ट देने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी हाई कोर्ट ने कार्रवाई करने के आदेश सरकार को दिए हैं.

# पीएम मोदी के गढ़ में 17 फरवरी को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा, प्रियंका भी देंगी साथ

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ राहुल गांधी उत्तर प्रदेश पहुंच रहे हैं. कांग्रेस सांसद वाराणसी भी जाएंगे. वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करेंगे. काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने का भी कार्यक्रम निर्धारित है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार काशी में भारत जो?ो न्याय यात्रा के दौरान भाई का साथ देने बहन प्रियंका गांधी आएंगी. राहुल और प्रियंका गांधी के वाराणसी आने की सूचना कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है.

**17 फरवरी को वाराणसी में राहुल और प्रियंका**–आगामी 17 फरवरी को राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का काफिला लेकर चंदौली से वाराणसी पहुंचेंगे. कांग्रेस कार्यकर्ता वाराणसी में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का जोरदार स्वागत करेंगे. राहुल गांधी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन कर बाबा का आशीर्वाद लेंगे. कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने बताया कि राहुल गांधी की शुरू की गई भारत जोड़ो न्याय यात्रा वाराणसी पहुंच रही है. वाराणसी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की साथी प्रियंका गांधी भी बनेंगे. राहुल के साथ प्रियंका




गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने की सूचना से कांग्रेस कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं. उन्होंने बताया कि प?ाव के रास्ते राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा वाराणसी पहुंचेगी. सबसे व्यस्त क्षेत्र गोदौलिया में राहुल गांधी जनसभा को भी संबोधित करेंगे.

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गढ़ में होंगे भाई–बहन** –2017 के यूपी विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव और राहुल गांधी एक साथ वाराणसी पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने गिरजाघर में चुनावी सभा को संबोधित किया था. 2019 के लोकसभा चुनाव में भी काशी हिंदू विश्वविद्यालय से प्रियंका गांधी ने एक रोड शो किया था. ऐसे में 17 फरवरी को राहुल और प्रियंका गांधी एक साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से वाराणसी में होंगे. राहुल और प्रियंका गांधी की वाराणसी में एक साथ मौजूदगी को आगामी लोकसभा चुनाव से जो?कर देखा जा रहा है. देखना दिलचस्प होगा कि प्रधानमंत्री मोदी के गढ़ माने जाने वाले वाराणसी में राहुल गांधी का कार्यक्रम काशी की जनता को कितना प्रभावित करता है.

# अटेर महोत्सव के दूसरे दिन की शाम को भजन संगीत की अदभुत छटा बिखरी



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मप्र शासन संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से पारम्परिक कलाओं का उत्सव अटेर महोत्सव के दूसरे दिन की शाम में भजन संगीत के मुख्तलिफ रंग देखने को मिले। अटेर महोत्सव के दूसरे दिन उड़ीसा से पधारे कलाकार रोजलीन सुंदराय एवं गुप द्वारा शबरी की भगवान श्री राम के प्रति भक्ति पर आधारित नृत्य नाटिका की मनमोहक प्रस्तुति का प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात जबलपुर से पधारे कलाकार लक्ष्मी दुबे एवं ग्रुप द्वारा भजन गायन की प्रस्तुति दी गई। जिसमें एक से बढ़कर एक बेहतरीन भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान सांसद श्रीमती संध्या राय,कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव, एसडीएम अटेर पराग जैन सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगणों ने उपस्थित रहे।

# बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां महाबलीपुरम वडेर में माही बीज महोत्सव का आयोजन

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

चेन्नई÷ सीरवी समाज आई माताजी टेम्पल ट्रस्ट महाबलीपुरम बडेर की 22वी वर्षगांठ एवमं माही सुदी बीज का त्योहार बहुत ही हर्षोल्लास, भक्तिभाव ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। 10÷02÷24 शनिवार शाम को सत्संगत में स्थानीय भजन गायको द्वारा माताजी के सुमधुर भजनो की प्रस्तुति में सभी सदस्यो की उपस्थिती के साथ आरती के पश्चात सत्संगत का कार्यक्रम पूर्ण हुआ। माही बीज के दिन प्रात÷ बढेर में 8÷30 बजे से 10÷00 बजे तक समय पर आने वालो के लिए चाय अल्पाहार की व्यवस्था का सभी भाई, माताओ, बहिनो,बच्चो सहित आनंद पूर्वक अल्पाहार किया। ठीक 10÷30 बजे से 1÷00 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम में सर्व प्रथम माही बीज त्यौहार मनाने का महत्व,बेल के ग्यारह नियमो को छोटे बच्चो द्वारा शानदार प्रस्तुती, आईपथं,महाभारत, रामायण, गीताजी आदि के इतिहास पर प्रश्नोत्तरी रखी गई जिसमें प्रथम, द्वितीय,एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चो को ईनाम व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया ,भाग लेने वाले सभी बालक बालिकाओ को सर्टिफिकेट संस्थान के नाम का दिया गया। एवमं माताजी के भजनो पर नाचगान में महाबलीपुरम, कलपाक्कम, कोवळम, तीरूपोरूर, तिरुकलुकुंड्रम एरिया की महिलाओ, विशेषकर लडकियो एवमं नन्हे बच्चो ने बहुत ही शानदार भक्तिभाव के साथ प्रस्तुती दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली सभी महिलाओ, बालिकाओं व बच्चो का संस्था की तरफ से मान सम्मान शाल द्वारा किया गया। दोपहर1÷15 बजे महाआरती में सभी भाई बहिनो बच्चो ने भाग लिया। तत्पश्चात तैयार महाप्रसादी प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही माही बीज महोत्सव का समापन हुआ। माही बीज समारोह में संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौड़, सचिव मगाराम लेरचा, कोषाध्यक्ष बुधाराम बर्फा, समस्त कार्यकारिणी एवमं सभी सदस्यगणो का सराहनीय सहयोग रहा। ये जानकारी संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौड़ द्वारा दी गई।





# एम जे एस महाविद्यालय में एन सी सी कैडेट्स द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय महिला दिवस



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में जिले के अग्रणी महाविद्यालय ऐम जे एस कॉलेज में 30 एम पी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल जगदीश राव और प्राचार्य डॉ. मालवीय विमल के निर्देशानुसार लेफ्टिनेंट प्रभा तिवारी के संचालन में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बटालियन से नाइक सूबेदार संजीव सिंह और हवलदार हुमन्थप्पा महाविद्यालय का स्टाफ एन सी सी एन एस एस व अन्य विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

मंच संचालन कैडेट आकंक्षा तोमर और मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. कमला नरवरिया रही। उन्होंने नारी जीवन के विभिन्न पहलुओं और संघर्ष की कहानी विद्यार्थियों के समक्ष रखी और उनको प्रोत्साहित किया । कैडेट खुशी,कैडेट मीतू ,कैडेट अदिति,स्वयंसेवी रहनुमा की विशेष सहभागिता रही। सभी कैडेट्स ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

**भिण्ड एसपी डा. असित यादव के निर्देशन में भिण्ड पुलिस अलर्ट...**

# ओवरलोड वाहन के खिलाफ छेड़ी जंग शहर में ओवर लोड



**केशब पंडित जी अम्बाह**

**भिण्ड...** जिले में लगातार आ रही रेत परिवहन की शिकायत ओर तुरी के भरे ओवरलोड वाहन के खिलाफ भिण्ड पुलिस अलर्ट मोड़ पे -÷एसपी असित यादव की कसावट से थाना प्रभारियों में हड़कम्प अवैध रेत उत्खनन पे लगा अंकुश,भूसा ओर तूरी के ओवरलोड वाहन पे पुलिस की कार्यवाही रात में पकड़े आधा दर्जन वाहन और की चलानी कार्यवाही एसपी के निर्देशन में बरोही थाना प्रभारी अतुल भदौरिया थाना प्रभारी देहात,निरीक्षक प्रदीप सोनी,व सिटी कोतवाली की कार्यवाहीं जारी एसपी डा. असित यादव के निर्देश देने के बाद जिले में पहली बार हुई भूसे व तूरी के वाहनों पे कार्यवाही,जिले में दबंग एसपी से माफियायो में हड़कम का माहौल, माफियाओं के हौसले पस्त कर दिए भिण्ड में पहली बार आये ऐसे ईनामदार ओर दमदार एसपी जिससे शराब माफिया व रेत माफिया गुण्डे मबाली बदमाश जिला छोड भागे पहली बार भिण्ड सुरक्षित व सजग भिण्ड ब्यापारियो को पुलिस पर बिश्बास और सुरक्षित महसूस कर रहे है...

# कलेक्टर ने किया ईव्हीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कर्मवीर शर्मा आज 13 फरवरी को ईव्हीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया एवं एफएलसी के बाद रखी गई ईव्हीएम को देखा। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट उनके क्रमांक के अनुसार ही निर्धारित बक्सों में रखी जाए और यह कार्य पूरी सावधानी के साथ किया जाए। इसमें किसी भी तरह की त्रुटि नहीं होना चाहिए

# रावतपुरा सरकार धाम पर बसन्त काव्योत्सव का आयोजन 14 को,जाने माने कवि देंगे अपनी प्रस्तुति

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**-क्षेत्र के सुप्रसिद्ध व्याख्यात धाम रावतपुरा सरकार पर बसन्त पंचमी के शुभ अवसर पर बसन्त काव्योत्सव का आयोजन 14 फरवरी 2024 को शाम 07÷30 बजे से आयोजित होने जा रहा है।जिसमे देश के जाने माने प्रख्यात कवियो का समागम रावतपुरा सरकार धाम तह-लहार भिण्ड में होगा।जिस दौरान जानी बैरागी(हास्य कलाकार,धार),भुवन मोहिनी(श्रृंगार रस,इंदौर),मधुप श्रीवास्तव(नरकंकाल,रायबरेली),दिनेश देशी घी(हास्य,शाजापुर),राम भदावर(वीर रस,इटावा),अंकिता शुक्ला(श्रृंगार रस,लखनऊ),सुमित मिश्रा(संचालन,ओरछा)मौजूद रहेंगे।इस मौके पर रावतपुरा सरकार अनन्त श्री विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज ने समस्त नगरवासियों, ग्रामवासियों,क्षेत्रवासियों व शहरवासियों से आयोजित कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# कक्षा 10वीं के 18626 विद्यार्थियों ने दी गणित विषय की परीक्षा,

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**611 विद्यार्थी रहें अनुपस्थित**

मप्र माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल कक्षा 10वीं बोर्ड की परीक्षा के अंतर्गत आज 13 फरवरी को गणित विषय का प्रश्न पत्र सम्पन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एसके कानु? ने बताया कि कक्षा 10वीं बार्ड के गणित विषय का परीक्षा जिले के 95 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित हुई। 13 फरवरी को गणित विषय परीक्षा में कुल दर्ज 19237 विद्यार्थियों में से 18626 विद्यार्थी सम्मिलित हुए तथा 611 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे है। कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में नियमित कुल दर्ज 16736 में से 16407 विद्यार्थी उपस्थित हुए तथा 329 अनुपस्थित रहें। वहीं स्वाध्यायी विद्यार्थी 2501 कुल दर्ज में से 2219 विद्यार्थी उपस्थित तथा 282 विद्यार्थी अनुपस्थित रहें।

# पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि शौर्य यात्रा आज अमर शहीद पवन भदौरिया को भी करेंगे नमन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** प्रेस को जारी विज्ञप्ति में आयोजन समिति के दिनेश बौद्ध और बंटी गुर्जर ने बताया कि आज दिनांक 14 फरवरी को पुलवामा के अमर शहीदों को पावई में श्रद्धांजलि सभा के द्वारा नमन किया जाएगा तथा छत्तीसगढ़ में नक्सलवादियों से मुठभेड़ में शहीद हुए शहीद पवन भदोरिया को भी श्रद्धांजलि दी जाएगी प्रेस को जारी विज्ञप्ति में उक्त समाजसेवियों ने बताया के कार्यक्रम पवई माता मंदिर प्रांगण में सुबह 9 बजे शुरू होगा इसमें मुख्य अतिथि कर्नल भारत यादव रिटायर्ड कैप्टन दंडोतिया रिटायर्ड सूबेदार मेजर राकेश सिंह कुशवाह रिटायर्ड सूबेदार मेजर सुरेश सिंह तोमर रिटायर्ड सूबेदार मेजर शिव बहादुर भदोरिया रिटायर्ड सूबेदार राजेश शर्मा, कार्यक्रम में प्रशासन की तरफ से जिला पंचायत सीईओ माननीय मनोज कुमार सरियम तथा बिहारी स्कूल के संचालक समाजसेवी राजेश शर्मा पवई निवासी पुलवामा हमले के साक्षी रहे सीआरपीएफ के जवान राकेश सिंह मौजूद रहेंगे कार्यक्रम को भिंड जिले के प्रखर समाजसेवी सुनील फौजी भी संबोधित करेंगे। समाजसेवियों ने क्षेत्र के सभी नौजवानों से सभी देशभक्त नागरिकों से सफल बनाने की अपील की है तथा शौर्य यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने का आवाहन किया है

# 16 फरवरी को राष्ट्रीय हड़ताल के समर्थन में भिण्ड कृषि उपज मंडी बंद रहेगी



**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

**भिण्ड।** भाजपा मोदी सरकार किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए सडको पर कीलें ठोक रही है हाइवे को खोद रही है सड़कों पर पक्की दीवारों को खडा कर दिया है सेना को किसानों के सामने खडा कर दिया है रेलगाड़ियों से किसानों को उतारा जा रहा है भाजपा मोदी सरकार यह बर्ताव अन्नदाता के साथ कर रही है मध्यप्रदेश में हजारों किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए जेलो में डाला जा रहा है जबकि 13 महीने किसानों ने दिल्ली जाने वाले 5 रास्तों को घेरकर बैठे थे उस समय किसी को हानि नहीं पंहुचाई थी फिर भी किसानों के रास्ते रोके जा रहे मध्यप्रदेश किसान



सभा के जिला महासचिव राजेश शर्मा ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए बताया सेन्टर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू जिला अध्यक्ष विनोद सुमन ने नई कृषि उपज मंडी भिण्ड में हम्माल पल्लेदार मजदूर एकता यूनियन सीटू की मीटिंग को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में हम्माल पल्लेदार के मजदूरी कार्ड नहीं बनते है भाजपा मोदी सरकार ने मजदूर हितैषी 44 श्रम कानूनों को खत्म कर दिया है हम्माल पल्लेदारों ने निर्णय लिया है कि16 फरवरी को संयुक्त किसान मोर्चा एवं 10 राष्ट्रीय श्रमिक संगठनों के भारत बंद के समर्थन में भिण्ड कृषि उपज मंडी में हम्माल पल्लेदार काम नहीं करेंगे जिसकी सूचना मंडी सचिव के माध्यम से भारसाधक अधिकारी को 12 फ़रवरी को क्षापन के माध्यम से दी जा चुकी है मीटिंग में मुख्य रूप से रामधनी बापू हवलदार शीतल कल्लू रामरतन हाथी ब्रजमोहन कुशवाहा कमलेश अटल अरुण यादव आदि उपस्थित रहे

# जनसुनवाई में सुनी गई आवेदकों की समस्याएं- जनसुनवाई में 49 आवेदकों ने दिया आवेदन

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में आज 13 फरवरी को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। आज की जनसुनवाई में 49 आवेदकों ने अपने समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए हैं।जनसुनवाई में महेश्वर तहसील के ग्राम पिपल्याबुजुर्ग के गोपाल शिकायत लेकर आए थे कि उनके पिता द्वारा शासकीय हाई स्कूल के लिए दान की गई भूमि पर अन्य लोगों ने अतिक्रमण कर दुकानें बना ली है और उन्हें किराये पर देकर व्यवसाय कर रहे हैं। जिसके कारण दान की गई भूमि का दुरूपयोग हो रहा है। अतः उसके पिता द्वारा दान की गई भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शीघ्र की जाए। गोगावां तहसील के ग्राम खेड़ीखुर्द के किसान खेड़ीखुर्द में कुन्दा नदी पर जल संसाधन विभाग द्वारा बनाए गए बैराज को चौड़ा करने की मांग लेकर आए थे। उनका कहना था कि उनकी कृषि भूमि नदी के दूसरी ओर स्थित ग्राम बोलगांव कसरावद तहसील में स्थित है। जल संसाधन विभाग द्वारा मात्र 05 फीट चौड़ा बैराज बनाया गया है। जिससे बैलगाड़ी का निकलना मुश्किल होगा। अतः बैराज की चौड़ाई बड़ाई जाए।जनसुनवाई में कसरावद तहसील के ग्राम सोनखेड़ी के ग्रामीण शिकायत लेकर आए थे कि उनकी पंचायत के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा मनमानी कर मनरेगा के कार्यों में मशीनों का उपयोग किया जा रहा है और मजदूरों को काम न देकर शासन की राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है। अतः इसकी जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाए।सुभद्रा बाई को दी गई 5 हजार की सहायता राशि जनसुनवाई में ग्राम भसनेर की सुभद्रा बाई गाड़गे आर्थि



# दुर्ग मे हत्या के आरोपियों के घर हुई बुलडोजर कार्यवाही ,दुर्ग पुलिस और निगम प्रशासन ने की संयुक्त कार्रवाई

दुर्ग/छग - छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही अपराधियों के खिलाफ निगम प्रशासन और दुर्ग पुलिस एक्शन मोड पर नजर आ रही है,एक तरफ दुर्ग पुलिस कुख्यात बदमाशों की लिस्ट तैयार करने में जुटी है,तो वहीं दूसरी और अपराधियों के ठिकानों पर बुलडोजर कार्रवाई की जा रही है.सोमवार को कैम्प 2 स्थित संतोषी पारा में ऐसी ही एक कार्रवाई की गई है, जिसमें निगम प्रशासन ने हत्या के आरोपी के घर पर बुलडोजर चलावाया है। आपको बता दे की कुछ दिनों पहले कैम्प 2 स्थित बैकुंठ धाम में स्कुल मे पड़ने वाले छात्र को कुछ आरोपियों ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी, उसके बाद पुलिस ने तत्काल 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब निगम प्रशासन और दुर्ग पुलिस के द्वारा अपराधियों के घर पर बुलडोजर की कार्यवाही की गई.

# वृद्ध आश्रम के सभागार में हुआ केलाश सत्यार्थी जन्मोत्सव समापन समारोह कार्यक्रम सम्पन्न,,, ।।

, विदिशा, निगर का , प्रदेश का,देश का,नाम विश्व क्षितिज पर स्वर्ण अक्षरों में अंकित कराने वाले, हमारे गौरव, विश्व मे शांति और करुणा के संदेश को पुनर्जीवित कर उद्घोषणा करने वाले उद्घोषक ,नोबल प्राइज से सम्मानित,ड़ करुणावतार




आदरणीय श्री कैलाश सत्यार्थी जी का जन्मदिन उनके प्रशंसकों, स्नेही जनों द्वारा , जन्मोत्सव समिति का गठन कर एक माह से ड़अधिक एक जनवरी से लेकर 11 फरवरी तक लगातार मनाया गया,,, ,जिसके अंतर्गत विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रम मानव को गौरव पदान करने वाली करुणा के कार्य किये गए,,, इस समापन कार्यक्रम में इस 40 दिवसीय समय अवधि में जन्मोत्सव के लिए किए गए संपूर्ण कार्यक्रमो की जानकारी और पूरे वर्ष में लगातार किये जाने वाले कार्यक्रमों का संकल्प पत्र जन्मोत्सव समिति के सचिव प्रोफेसर डॉक्टर सुनील किरार द्वारा वाचन किया गया।जिसमे नगर की ऐसी बाल संस्थाएं जिनमे अपंग मूक बधिर ओर मानसिक रूप से समस्या ग्रस्त बालक बालिकाएँ रहते हैं या पड़ते हैं के बीच जाकर उनकी मेडिकल सम्बन्धी समस्याएं सुनी समझीं ओर मेडिकल सहायता के लिए योजना बनाई,,, बच्चों में फल मिठाई का वितरण ,,,बच्चों की सेवा में लगे एन जी ओ व एन जी ओ प्रबंधन को सम्मानित किया ,,,ट्रेनों में बोगियों के अंदर यात्रा कर रहे यात्रियों में ठंड से परेशान हो रहे साधन हीनो को कम्बल का वितरण श्री विपिन वर्मा के नेतृत्व में किया गया,,ओर बाजारों में फिर रहे और पड़े हुए निराश्रित मरीड़ो की पहचान करना और चिकित्सा व्यवस्था करना ,,एक सप्ताह तक निराश्रितोंकी बस्तियों में जाकर भोजन वितरण करना आदि आदि करुणा के कार्य कर करुणावतार श्रीकैलाश सत्यार्थी का करुणा संदेश आम जन में प्रचारित व प्रसारित किया गया ,, कार्यक्रम में सभी वृद्धजन एवं शहर वासियों ने पधार कर शहर की माटी के इस बेशकीमती रत्न के जन्मोत्सव की खुशी में शामिल होकर जन्मोत्सव की खुशियों को द्विगुणित कर दिया,,,,,,इस अवसर पर आश्रम अध्यक्ष श्रीमति इन्दिरा शर्मा ने कहा कि केलाश सत्यार्थी जी ने गरीबों बेसहारा बच्चों के लिए निरंतर संघर्ष किया ,,,,उनके जन्म दिन के अबसर पर विगत 40 दिनों से जो सेवा कार्य चल रहे हैं वे अनुकरणीय है ,,,,,आदरणीय सत्यार्थी जी के सतत रत सेवा कार्यो के लिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने हेतु समुदाय को जोड़ने की बात कही ,,कार्यक्रम के पुरोधा श्री देवेश आर्य ने वहां उपस्थित सभी सम्मानीय जनों एवं विदिशा के डॉक्टर्स की सेवा कार्यो का वर्णन किया,,,,उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व मे सितारा बन कर भारत का नाम सुनहरे अक्षरों में लिखने वाले सम्पूर्ण विश्व मे करुणा की भावना को पुनर्जीवित करने और इसका प्रचार प्रसार करने में सतत रत करुणावतार नोबल प्राइज से सम्मानित आदरणीय श्री कैलाश सत्यार्थी के जन्म दिन को परिणाम मूलक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर उनके करुणा के संदेश को प्रचारित करने के लिए एक जन्मोत्सव आयोजन समिति बनाई गई जिसके संयोजक डॉ राजेश बंसल ,,विपिन वर्मा, अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता आ अनिल पुरोहित,,सचिव डॉ सुनील किरार सहित किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ केतन मेहरा न्यूरो सर्जन प्रोफेसर डॉ सौरभ दीक्षित ,वृद्ध आश्रम अध्यक्ष श्रीमति इन्दिरा शर्मा ,,श्री वेद प्रकाश शर्मा राजेन्द्र सोनी आदि हम सभी लोगों ने लगभग चालीस दिन करुणा के संदेश के रूप में जन जन तक पहुंचाया ओर जई सेवा कार्य किये ,, ,,,,डॉ सोनिया राजपुत ओर श्रीमती इंदिरा शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागतकिया,,,,कार्यक्रम का संचालन ब्रह्म सिंह ने किया ,,,, श्रीदेवेश आर्य द्वारा आभार व्यक्त किया,

# लोकसभा निर्वाचन 2024मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक और प्रेस कॉन्फ्रेंस सम्पन्न

सक्ती, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट कक्ष में आगामी लोकसभा निर्वाचन से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 कार्यक्रम के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक और प्रेस कॉन्फ्रेंस ली गयी। बैठक में कलेक्टर द्वारा बताया गया कि एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन गुरूवार 8 फरवरी 2024 को किया गया है बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बताया कि वर्तमान में अंतिम प्रकाशन में कुल 620458 (पुरूष- 311842, महिला-308616) मतदाता पंजीकृत हैं। बैठक में कलेक्टर ने सभी राजनैतिक पदाधिकारियों को 14 फरवरी 2024 बुधवार को सुबह 10 बजे कृषि उपज मंडी परिसर सक्ती के एफएलसी हॉल में उपस्थित होने का आग्रह किया है। बैठक में राजनैतिक दल के प्रतिनिधि और मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# कैंसर जाँच शिविर के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ बैठक संपन्न

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।** रीवा में प्रशासन तथा इंदौर कैंसर फाउण्डेशन द्वारा 24 फरवरी तथा 25 फरवरी को विशाल कैंसर रोग जाँच और उपचार शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में मुख्य रूप से स्तन कैंसर तथा मुख कैंसर से पीड़ितों की जाँच और उपचार किया जाएगा। शिविर से अधिक से अधिक रोगियों को लाभान्वित करने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में नोडल अधिकारी तथा सहायक कलेक्टर सोनाली देव ने कहा कि शिविर की तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। स्वयंसेवी संस्थाएं रोगियों को शिविर स्थल तक पहुंचाने तथा जागरूक करने में अपनी भूमिका निभाएं। व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक 14 फरवरी, 15 फरवरी तथा 17 फरवरी को कैंसर की प्रारंभिक जाँच के लिए आयोजित शिविरों की जानकारी दें। जिले के प्रमुख स्थलों, चौराहों, मंदिरों, अस्पतालों में कैंसर जाँच शिविर के संबंध में फ्लैक्स लगाए जा रहे हैं। पम्पलेट और पोस्टर के माध्यम से भी इसका प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सहायक कलेक्टर ने कहा कि डेंटल एसोसिएशन से जुड़े सभी डॉक्टर मुख कैंसर के रोगियों की पहचान कर उनकी सूची 19 फरवरी तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को उपलब्ध करा दें। कैंसर रोग की पहचान के लिए कैंसर संकेत एप सभी अपने एंड्रायड फोन में डाउनलोड कर लें। इस एप के माध्यम से 5 तरह के कैंसर के लक्षणों की सरलता से जाँच की जा सकती है जिसमें मुख कैंसर तथा स्तन कैंसर शामिल हैं। एप द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर यदि सकारात्मक आते हैं तो व्यक्ति को अपनी जाँच अवश्य कराना चाहिए। बैठक में डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी अध्यक्ष जिला रेडक्रास समिति तथा प्रवीण पाठक संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद ने कई सुझाव दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला, डॉ. केबी गौतम, डॉ. सुनील अग्निहोत्री, डेंटल एसोसिएशन, सर्वोदय सेवा संघ, नर्स एसोसिएशन, पुजारी संघ, सुदिशा फाउण्डेशन, खेल संघ, विभिन्न धर्मगुरू तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

**कलेक्टर ने लापरवाह सहायक ग्रेड तीन को किया निलंबित**

# कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान में लापरवाही बरतने पर की निलंबन की कार्यवाही

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने तहसील गुड़ में पदस्थ सहायक ग्रेड तीन धीरेन्द्र पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। राजस्व महाअभियान में लापरवाही बरतने, राजस्व प्रकरणों को गायब कर देने तथा विधानसभा निर्वाचन के दौरान विधानसभा क्षेत्र गुड़ के निर्वाचन सुपरवाइजर के पदीय दायित्व में लापरवाही बरतने पर निलंबन की कार्यवाही की गई है। एसडीएम गुड़ के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने निलंबन के आदेश दिए हैं। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के तहत की गई है। निलंबन अवधि में श्री पटेल का मुख्यालय कलेक्ट्रेट कार्यालय रीवा रहेगा। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

**अभियान में दर्ज सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें - कलेक्टर**

# सीमांकन, बंटवारे तथा नक्शा तरमीम के शत-प्रतिशत प्रकरण निराकृत करें - कलेक्टर

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व महाअभियान की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम और तहसीलदार राजस्व महाअभियान में दर्ज सभी राजस्व प्रकरणों का 28 फरवरी तक अनिवार्य रूप से निराकरण करें। इनमें कम अवधि की पेशी देकर अंतिम निर्णय पारित कर आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज कराएं। सभी तहसीलदार अभियान के दौरान दर्ज सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण तथा नक्शा तरमीम के शत-प्रतिशत प्रकरण निराकृत करें। इसके साथ-साथ एक साल से अधिक अवधि से लंबित राजस्व प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निराकरण कराएं। सभी एसडीएम भी लंबित प्रकरणों की नियमित सुनवाई करके उनका निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि नक्शा तरमीम के सभी चार अलग-अलग मदों के प्रकरणों पर तत्परता से कार्यवाही करें। इसमें डुप्लीकेट नक्शा, अनलिंक्ड नक्शा तथा शब्दांक में सुधार के पटवारी हल्कावार प्रकरणों की सूची बनाकर पटवारियों से कार्यवाही



सुनिश्चित कराएं। बंटवारे के सभी प्रकरणों में पटवारियों से खातेदारों की पुल्ली बनवाकर नामांतरण के आदेश पारित करें। इसमें देरी करने वाले पटवारियों पर दण्डात्मक कार्यवाही करें। सीमांकन के 2284 प्रकरण लंबित हैं। राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों को प्रतिदिन का लक्ष्य देकर इनका निराकरण कराएं। किसान सम्मान निधि में ई केवाईसी अपडेट करने तथा अन्य त्रुटियों को दूर करने का कार्य शत-प्रतिशत करें। कोई भी पात्र किसान योजना के लाभ से वंचित न रहे। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम अभिलेखों में सुधार के प्रकरण संवेदनशीलता और सावधानी से निराकृत करें। लंबित प्रकरणों में तहसीलदारों तथा नायब तहसीलदारों से 7 दिवस में प्रतिवेदन दर्ज कराकर प्रकरणों का निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में भी लंबित प्रकरणों के निराकरण पर ध्यान दें। सीमांकन, बंटवारा तथा नामांतरण के प्रकरण निराकृत करेंगे तो सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण निराकृत हो जाएंगे। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि इस वर्ष की राजस्व वसूली बहुत कम है। आगामी 15 दिनों में लंबित राजस्व वसूली का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा करें। मानवाधिकार आयोग की बेंच 23 फरवरी को प्रकरणों की सुनवाई करेगी। संबंधित एसडीएम प्रतिवेदन के साथ सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। बैठक में जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार जानकारी दी। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने सात बीएमओ को दो वेतन वृद्धियाँ रोकने का दिया नोटिस

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सात बीएमओ को दो वार्षिक वेतन वृद्धियाँ रोकने का नोटिस दिया है। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण न करने तथा सौंपे गए उत्तरदायित्व में लापरवाही बरतने पर दो वार्षिक वेतन वृद्धियाँ रोकने का नोटिस दिया गया है। नोटिस का तीन दिन में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए दो वेतन वृद्धियाँ असंचयी प्रभाव से रोकी जाएंगी। कलेक्टर ने बीएमओ गोविंदगढ़ डॉ सुधाकर पाण्डेय, बीएमओ मनगवां तथा गंगेव डॉ देवव्रत पाण्डेय, बीएमओ रायपुर कर्चुलियान डॉ अखिलेश सिंह, बीएमओ जवा डॉ ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी, बीएमओ सिरमौर डॉ प्रशांत शुक्ला, बीएमओ रीवा डॉ केबी गौतम तथा बीएमओ त्योंथर डॉ केबी पटेल को नोटिस दिया है।

# एएस आई बना एस आई,, सीएसपी ने कंधे में लगाए स्टार,,, मुख्यालय से जारी हुआ था आदेश



**रीवा (पुष्पांजली टुडे** सहायक उप निरीक्षक सुशील कुमार त्रिपाठी, राम रुचि साकेत का विभाग ने प्रमोशन करते हुए एस आई बनाया है ,,, रीवा सीएसपी नवीन तिवारी ने कंधे में स्टार लगा कर प्रमोट किया,,, इस दौरान सीएसपी नवीन तिवारी ने उप निरिक्षक को बधाई दी,,,, प्रमोशन का आदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल से जारी हुआ है ।

**. उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की विशेष पहल पर 24 एवं 25 फरवरी को कैंसर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।**

इस शिविर का आयोजन इंदौर चैरिटेबल ट्रस्ट तथा जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। शिविर में मुख कैंसर तथा स्तन कैंसर के रोगियों की जाँच एवं उपचार विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा। शिविर के संबंध में गठित जिला स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जिले भर में 14 फरवरी, 15 फरवरी तथा 17 फरवरी को सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में कैंसर रोगियों की पहचान के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। सभी कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को इन शिविरों से लाभान्वित करें। किसी भी व्यक्ति में यदि कैंसर के प्रारंभिक लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो वह अपनी जाँच अवश्य कराए।

# जन सुनवाई में अपर कलेक्टर ने की 56 आवेदनों में सुनवाई

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)**

*आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जन सुनवाई में अपर कलेक्टर विकास डॉ सौरभ सोनवणे ने आमजनता के 56 आवेदन पत्रों में सुनवाई की तथा संबंधित अधिकारियों को आवेदनों में कार्यवाही के निर्देश दिए। जन सुनवाई में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय तथा संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा ने भी आवेदनों में सुनवाई की। जन सुनवाई में जमीन के सीमांकन, अवैध कब्जा हटाने, बिजली बिलों में सुधार, पेंशन, अनुकंपा नियुक्ति तथा अन्य प्रकरणों में सुनवाई की गई। जन सुनवाई में प्रभुदयाल कोल निवासी घूमन ने आवासीय भूमि का पट्टा देने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार जवा को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। कैलाश साकेत निवासी ग्राम बरा ने भी जमीन के पट्टे के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार सिरमौर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। अनूप तिवारी निवासी पड़रा रीवा ने रघुराज सागर तालाब से भूमाफिया का अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को मौके पर जाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जन सुनवाई में वृंदावन आदिवासी निवासी पड़रा ने बिजली के बिल में सुधार के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री विद्यु त मण्डल को समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए। रामफल साकेत निवासी ग्राम बरहदी ने उनकी जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। दिवाकर सिंह निवासी महसांव ने जमीन के बंटवारे तथा नामांतरण के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार गुड़ को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। सुरेश उपाध्याय निवासी बरा 396 ने उनकी जमीन में अवैध रूप से बनाई जा रही सड़क का निर्माण रोकने तथा शासकीय भूमि से सड़क निर्माण कराने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए।*

# बंदियों को दिया गया स्वरोजगार का प्रशिक्षण



**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।** केन्द्रीय जेल रीवा में जेल प्रशासन के सहयोग से यूनियन बैंक आ ॅफ इण्डिया द्वारा संचालित आरसेटी ने बंदियों को स्वरोजगार का प्रशिक्षण दिया। इस संबंध में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि अपनी सजा पूरी करने के बाद बंदी जब जेल से बाहर जाएंगे तो उन्हें सामान्य जीवन जीने एवं आर्थिक सहयोग के लिए स्वरोजगार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जेल में आयोजित स्वरोजगार प्रशिक्षण में 22 महिला बंदियों को खिलौना बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसी तरह 35 पुरूष बंदियों को स्क्रीन प्रिंटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इस सात दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ यूनियन बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अजय खरे ने किया। कार्यक्रम में आरसेटी के संचालक एमजे राय, प्रशिक्षक अखिलेश मिश्रा, प्रशिक्षक श्रीमती सुहाना त्रिपाठी तथा प्रशिक्षक राकेश मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेदले, योगेन्द्र परमार तथा जेल के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जेल में तीन दिवसीय नि :शुल्क उपचार शिविर जारी



**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।** केन्द्रीय जेल रीवा में शासन के निर्देशों के अनुसार तीन दिवसीय निःशुल्क जाँच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि मेडिकल कालेज तथा संजय गांधी हास्पिटल के सहयोग से शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जेल में 12 जनवरी को मेडिसिन एवं सर्जरी विभाग द्वारा शिविर लगाया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा 221 पुरूष तथा 14 महिला बंदियों के स्वास्थ्य की जाँच की गई। इसी तरह 13 फरवरी को त्वचा रोगों तथा आँख से संबंधित रोगों के विशेषज्ञों ने जाँच शिविर में 480 पुरूष एवं 5 महिला बंदियों की जाँच की। जिन व्यक्तियों में किसी भी तरह के रोग के लक्षण पाए गए उन्हें आवश्यक दवाएं प्रदान की गईं। जेल में 14 फरवरी को नाक, कान, गला, दाँत, न्यूरालॉजी, हड्डी से संबंधित रोगों तथा क्षय एवं एचआईव्ही की जाँच का शिविर लगाया जाएगा। इन शिविरों के आयोजन में मेडिकल आफीसर डॉ राजकुमार मिश्रा, विवेक कुमार मौर्य, नर्स श्रीमती रिंकू शाह तथा लैब टेक्नीशियन प्रियंका धाकड़ द्वारा सहयोग दिया जा रहा है।

**- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

बांदा। जनपद बांदा में सोमवार को सवेरे राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के एक छात्र की लाश हास्टल के कमरे में फांसी पर लटकी मिली। इसी कमरे में उसने एक लड़की की कई फोटो लगा रखी थी। जिससे इस घटना को प्रेम प्रसंग से जोड़ा जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक छात्र बाराबंकी जिले का रहने वाला था।मिली जानकारी के अनुसार अमन कुमार (20) पुत्र श्री प्रताप निवासी बाराबंकी, जिले के राजकीय इंजीनियरिंग कालेज में प्रथम वर्ष का छात्र था। इसी कॉलेज में पड़ने वाले दो छात्र जो दिल्ली से रविवार की रात वापस आ रहे थे। उन्होंने मोबाइल फोन से अमन से बात करने के बाद कहा था कि हम महाकौशल एक्सप्रेस से बांदा आ रहे हैं ट्रेन सवेरे पहुंचेगी, इसलिए जब हम हॉस्टल आए तो दरवाजा खोल देना। दोनों छात्र सोमवार को सवेरे ट्रेन आने पर हॉस्टल पहुंचे, तो दरवाजा खोलने के लिए आवाज दी, लेकिन दरवाजा नहीं

# रीवा विकासखंड के दोनों वीईओ ने किया अलग-अलग परीक्षा केंद्र का सघन निरीक्षण

**वीईओ के दोनों पैनल रहे सक्रिय, नहीं मिले कोई नकलची**

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** हाईस्कूल के गणित विषय की परीक्षा में आज रीवा विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर.एल दीपांकर एवं नवागत बीईओ आकांक्षा सोनी ने विकासखंड के अलग-अलग परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया।मिली जानकारी के अनुसार आर एल दीपांकर ने अपने दल के साथ परीक्षा केंद्र शाउमावि क्रमांक-1, दीप ज्योति विद्यालय एवं फ्रोमेन्स विद्यालय का निरीक्षण किया। तो वही नवागत बीईओ ने शाउमावि कन्या एस के स्कूल का निरीक्षण किया।वही वीईओ द्वारा गठित दल क्रमांक-2 ने सरस्वती उमावि नेहरू नगर तथा एस.के स्कूल का निरीक्षण किया। सभी अधिकारियों द्वारा दिए गए प्रतिवेदन के आधार पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित पाई गई। बीईओ द्वारा गठित निरीक्षण दल में प्रमुख रूप से संजय द्विवेदी, शिवेंद्र पांडेय एवं धर्मेंद्र मिश्रा शामिल रहे।

# राज्य में लंबित पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करे नई सरकार..अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति

**पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के द्वारा विधानसभा में रखे छ ग मीडिया विधेयक में सुधार की मांग के साथ सीएम से मिले पत्रकार**



रायगढ़/जशपुर..राज्य में लम्बित पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करवाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के कर्मठ पत्रकार साथियों ने माननीय मुख्य मंत्री विष्णु देव साय जी से उनके निज निवास ग्राम बगिया में जाकर मुलाकात की।। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष एवम वरिष्ठ पत्रकार गोविंद शर्मा के नेतृत्व में राज्य के संवेदनशील मुखिया को लिखित ज्ञापन पत्र भी दिया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने भी पत्रकार साथियों को आश्वस्त किया की वे जल्दी ही इस विषय पर निजी रुचि रखते हुए कार्य करेंगे।।ध्यान देने योग्य बात यह है अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति राज्य सहित पूरे देश में पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर वर्ष 2016 से लगातार प्रयास रत रही है। संगठन के बैनर तले देश प्रदेश में 50 से अधिक आंदोलन और कार्यक्रम किए गए है।समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार जिग्नेश कलावाडिया(गुजरात) स्वयं सभी आंदोलनों में प्रत्यक्षङ्ग अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं।।वही देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े पदाधिकारियों ने भी अपने अपने राज्यों में पत्रकारों के समस्याओं और भलाई के मुद्दों पर अनेकों बार आंदोलन और प्रदर्शन किया है। इस क्रम में अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छ ग के सदस्यों ने एक बार फिर राज्य में लम्बित पत्रकार सुरक्षा कानून को सुधार के साथ राज्य में लागू करवाने की मुहीम छेड़ दी है। पत्रकारों की मांग है कि राज्य मे पत्रकार सुरक्षा ड़ानून जल्द से जल्द लागू किया जाय। पत्रकारों ने कहा है कि भाजपा कि सरकार सभी वर्गों के हित मे कार्य करने कि बात कह रही है। नई सरकार की कार्यशैली भी जन हित के पक्ष में लग रहा है।

ऐसे में प्रदेश के आम लोगों के साथ पत्रकारों की अपेक्षाएं भी नई भाजपा सरकार से काफी बढ़ गई है। यद्यपि राज्य में पत्रकारों की सुरक्षा एक गंभीर और व्यापक विषय बना हुआ है। इसे ध्यान में रखकर पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान किया जान बेहद जरूरी हो गया है। क्योंकि पत्रकार ही राज्य में,भ्रष्टाचारियो,घूसखोरो, माफिया वर्गो के खिलाफ लिख कर शासनङ्गप्रशासन सहित आम नागरिकों को सतर्क करते रहते है। इस लिहाज से उनकी सुरक्षा की प्राथमिकता राज्य सरकार की पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए।इसी अपेक्षा के साथ बीते 10 फरवरी 2024 के दिन अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के कर्मठ पत्रकार साथियों ने राकेश प्रताप सिँह परिहार ङ्क राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और गोविन्द शर्मा ङ्क प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में राजेश यादव ङ्क प्रदेश उपाध्यक्ष,नरेश चौहान जिलाध्यक्ष सारंगड़, देवराज दीपक जिला कार्यकारी अध्यक्ष, सारंगड़ नारायण बाईन जिला ग्रामीण अध्यक्ष धरमजयगड़, जितेंद्र जायसवाल अंबिकापुर,मिथुन यादव सारंगड़, राजा खान रायगड़,दीपक शोभवानी रायगड़,नेहरू देवांगन छाल,रामकृष्ण पाठक छाल एवं अन्य सम्मानित पत्रकार गणों ने राज्य के संवेदनशील और लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निज निवास ग्राम बगिया में जाकर मुलाकात की साथ ही उन्हे लिखित ज्ञापन भी सौंपा।पत्रकारों से करीब 10 मिनट सीधी बात करते हुए

# तहसील कार्यालय के सामने ग्राम खाड़ाखोह के 25 हुआ समाप्त




विकाशखण्ड भरतपुर मे राजेन्द्र चंदेल एकता परिषद जिला समन्वयक जिला एम सी बी छ.ग.के द्वारा बताया कि तहसील कार्यालय के सामने ग्राम खाड़ाखोह के 25 आदिवासी बैगा परिवार को वन विभाग के द्वारा 2005 के पूर्व से काबिज भूमि पर तार फैंसी कर बेदखल करने पर अनिश्चितकालीन धरना एकता परिषद के तत्वधन में दिनांक 0÷9/02/2024 को रखा गया था और आज दिनांक11/02/2024 जिसमें 26 गांव से 150 लोग धरना में बैठे थे धरने के दौरान मूलचन्द चोपड़ा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भरतपुर एवं फॉरेस्ट एसडीओ एवम वन परिक्षेत्रा अधिकारी बहरासी के द्वारा धरना स्थल में आकर समस्या का निराकरण के लिए संयुक्त टीम वन विभाग राजस्व विभाग सामाजिक संगठन और गांव के लोगों को टीम बनाकर के मौका जांच कर सन् 2005 के पूर्व मकान व खेती वन भूमि पाये जाने पर हम अपना तार फैसिग हटा कर पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्र देने का आश्वासन दिया गया इसी के साथ आज इस के साथ आनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को समाप्त किया गया।

## संपादकीय

# भारत के सच्चे रत्न थे चौ. चरण सिंह

चौधरी चरण सिंह को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा 18वीं लोकसभा के चुनाव से ठीक पहले और भाजपा-रालोद गठबंधन की चर्चाओं के बीच किए जाने से इसके राजनीतिक निहितार्थ निकाले ही जाएंगे, पर वह आजाद भारत के इस सबसे बड़े किसान नेता और गैर-कांग्रेसवाद के पुरोधा के साथ अन्याय होगा। वैसे सच यह है कि चरण सिंह के साथ न्याय जीवनकाल में भी नहीं किया गया। खासकर भारत का राष्ट्रीय मीडिया उन्हें ग्रामीण परिवेश वाला 'जिद्दी जाट नेता' कह कर कमतर आंकता रहा। बेशक अपने सिद्धांतों के प्रति वह अडिग थे, लेकिन उनकी सोच और व्यवहार बेहद उदार था। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा में ही प्रभावी जाट संख्या के बल पर वह राजनीतिक जनाधार खड़ा हो ही नहीं सकता, जिसके बल पर चरण सिंह देश के प्रधानमंत्री पद तक पहुंच पाते। हां, उन्होंने खेती-किसानी से जुड़ी जातियों को साथ ला कर एक बड़ा राजनीतिक जनाधार अवश्य तैयार किया, जिसे कुछ लोगों ने अजगर (अहीर, जाट, गुर्जर, राजपूत) नाम दिया। बेशक उस सामाजिक-राजनीतिक गठबंधन में मुसलमान भी शामिल हुए और उत्तर भारत के कई राज्यों में वह विजयी समीकरण बन कर उभरा, पर उस सबके मूल में चरण सिंह की वैकल्पिक राजनीति की दूरगामी सोच काम कर रही थी। उस वैकल्पिक राजनीतिक सोच का पहला मुखर संकेत था कांग्रेस के 1959 के नागपुर अधिवेशन में प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के सहकारी खेती के प्रस्ताव का जोरदार विरोध। अकाट्य तर्कों के साथ किया गया वह विरोध दरअसल बड़ा राजनीतिक जोखिम भी था। वर्तमान राजनीति में यह कल्पना भी मुश्किल है कि कोई नेता देश-समाज के भविष्य की चिंता में अपना राजनीतिक भविष्य दांव पर लगा दे। तब कांग्रेस में प्रधानमंत्री नेहरू की तूती बोलती थी। नेहरू से असहमति का अर्थ था, कांग्रेस में अपने राजनीतिक भविष्य पर पूर्ण विराम लगा लेना। नेहरू की जय-जयकार में ही अपना भविष्य देखने वाले कांग्रेसियों की करतल ध्वनि के बीच चरण सिंह ने कहा था-ये तालियां बताती हैं कि आप सब मेरे विचारों से सहमत हैं, परंतु आप में मेरी तरह खुले विचार रखने का साहस नहीं है। जाहिर है, अपने उस साहस की कीमत चरण सिंह को बाद में कांग्रेस से इस्तीफा देकर चुकानी पड़ी, पर वह उनकी राजनीतिक पारी का अंजाम नहीं, बल्कि ऐसा आगाज साबित हुआ, जिसने देश में बदलावकारी वैकल्पिक राजनीति की नींव रखी। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में चरण सिंह को लंबा कार्यकाल नहीं मिला, लेकिन उत्तर प्रदेश में उन्होंने जिन भूमि सुधारों की पहल की, उन्हीं से प्रेरित वाम मोर्चा पश्चिम बंगाल में साढ़े 3 दशक तक शासन करने में सफल रहा। शासन व्यवस्था का हाल जानने के लिए भेस बदल कर सरकारी दफ्तरों में जाने और शिकायत मिलने पर चुनाव सभा के मंच से ही उम्मीदवार बदलने की घोषणा जैसी बातें आज फिल्मी कथा-सी लग सकती हैं, पर यही चौधरी साहब की राजनीतिक शैली थी। कभी किसी अपने के भी गलत काम का बचाव नहीं किया तो किसी पराए के अच्छे काम की प्रशंसा करने में कभी कंजूसी नहीं की। ऐसे विराट व्यक्तित्व और कृतित्व वाले जन नेता की विरासत को उनके वारिस बढ़ाना तो दूर, संभाल तक नहीं पाए। चरण सिंह ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के छोटे से गांव नूरपुर से संघर्षपूर्ण राजनीतिक सफर शुरू कर देश की सत्ता हासिल की थी, पर अब उनकी विशाल विरासत मेरठ के आसपास तक सिमटती नजर आ रही है।

# भाजपा का श्वेत पत्र बनाम कांग्रेस का ब्लैकपेपर




ऐन चुनावों के ठीक पहले के संसद सत्र में पेश सरकारी श्वेत पत्र ने एक तरह से सोनिया गांधी की अगुआई वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की मनमोहन सिंह सरकार की खामियों और आर्थिक कुप्रबंधन को ही उजागर किया है। चुनावों के ठीक पहले इसके उजागर होने के चलते एक तरह से कांग्रेस पर ही सवाल उठे हैं। कांग्रेस को लगता है कि इससे उसे लेकर वोटरों की धारणा में नकारात्मक बदलाव हो सकता है। इस वजह से उसका बिलबिलाना स्वाभाविक है। बदले में उसका काला पत्र लाना इसी बिलबिलाहट का नतीजा है जिसमें उसने मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में बढ़ी बेरोजगारी और मुद्रास्फीति को मुद्दा बनाने की कोशिश की है। श्वेत पत्र पहली बार 1922 में ब्रिटिश सरकार लेकर आई थी। हालांकि वह भी भारत से जुड़े मसले पर ही केंद्रित था। तब ब्रिटिश सरकार ने 1919 में भारत आए साइमन कमीशन की सिफारिशों के आधार पर भारत में पहला संवैधानिक सुधार लाने की तैयारी की थी। पहला श्वेत पत्र इसी पर केंद्रित था। जिसे ब्रिटिश संसद की संयुक्त चयन समिति के सामने विचार के लिए पेश किया गया था। इसी श्वेत पत्र में भारत में संघीय सरकार प्रणाली की स्थापना का प्रावधान शामिल था।

श्वेत पत्र की राजनीति पर चर्चा से पहले हमें जानना चाहिए कि इसके जरिए संयुक्त प्रगतिशील सरकार के दौरान हुई किन गड़बड़ियों को उजागर किया गया है। 59 पृष्ठों के इस श्वेत पत्र में कहा गया है कि तब भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांच बदतर अर्थव्यवस्थाओं में शामिल थी। अंग्रेजी की एक शब्दावली फेजाइल फाइव भारत के आर्थिक कुप्रबंधन का प्रतीक बन गई थी। उसी दौरान देश में बारह दिनों का राष्ट्रमंडल खेल आयोजित हुआ, जिसमें घोटालों की भरमार रही।

श्वेत पत्र में कहा गया है कि जब साल 2014 में मोदी की सरकार आई, तब भारतीय अर्थव्यवस्था बेहद नाजुक स्थिति में थी। उस वक्त अत्यधिक कुप्रबंधन और वित्तीय अनुशासनहीनता व्याप्त थी। चौतरफा भ्रष्टाचार का बोलबाला था। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था बेहद संकट में थी।

सवाल उठता है कि जब हमारी अर्थव्यवस्था ऐसी थी, तब श्वेत पत्र क्यों नहीं लाया गया? इसके जवाब में सरकार का कहना है कि अगर ऐसा किया जाता तो भारत को लेकर दुनिया में नकारात्मक धारणा बनती, जिससे निवेशकों सहित सबका विश्वास डगमगा जाता। श्वेत पत्र में एनडीए और यूपीए सरकार की तुलना भी की गई है। इसमें कहा गया है कि यूपीए सरकार के दौरान बैंकिंग व्यवस्था सबसे ज्यादा कुप्रबंधन की मार झेल रही थी। इसी में कहा गया है कि वाजपेयी सरकार के कार्यभार संभालते वक्त सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का एनपीए करीब 16.0 प्रतिशत था। वाजपेयी सरकार ने बैंकिंग व्यवस्था को दुरुस्त किया और छह साल बाद जब उसे जाना पड़ा, तब यह एनपीए घटकर महज 7.8 प्रतिशत रह गया था।

लेकिन यूपीए सरकार के कार्यभार संभालने के बाद फिर कुप्रबंधन बढ़ा और सितंबर 2013 आते-आते सरकारी क्षेत्रों के बैंकों का एनपीए अनुपात 12.3 प्रतिशत तक बढ़ गया। इसकी वजह यह रही कि सरकारी क्षेत्र के बैंकों को ऋण देने के लिए राजनीतिक हस्तक्षेप बढ़ गया। उन चहेती कंपनियों को कर्ज दिए गए, जिनसे कर्ज वापसी की गारंटी नहीं थी।

श्वेत पत्र के मुताबिक, इसी वजह से जब साल 2014 में मोदी सरकार ने कामकाज संभाला, बैंकिंग सेक्टर संकट से जूझ रहा था। श्वेत पत्र के मुताबिक, जहां 2004 में सरकारी क्षेत्र के बैंकों का कुल बकाया सिर्फ 6.6 लाख करोड़ रुपये था, जो राजनीतिक हस्तक्षेप की वजह से मार्च 2012 में बढ़कर 39.0 लाख करोड़ रुपये हो गया। श्वेत पत्र में मार्च 2014 में प्रकाशित क्रेडिट सुइस रिपोर्ट का भी हवाला दिया गया है। जिसके अनुसार एक से कम ब्याज कवरेज अनुपात वाली टॉप-200 कंपनियों पर बैंकों का लगभग 8.6 लाख करोड़ रुपये तब तक बकाया था। तब 2जी घोटाला हुआ, जिसमें स्पेक्ट्रम की बंदरबांट हुई थी। यूपीए के ही दौरान कोयला घोटाला हुआ, जिसकी वजह से देश को हजारों करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ। सोने के आयात के लिए कुछ ही लोगों को अनुमति दी गई।

श्वेत पत्र में कहा गया है कि आर्थिक प्रबंधन के मोर्चे पर बेहतरी का ही नतीजा है कि अब भारत फेजाइल फाइव से दुनिया की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है। अब हमारा योगदान वैश्विक विकास में तीसरे सबसे बड़े भागीदार के रूप में है। अब स्थिति यह है कि देश में सबसे कम दरों वाली नेटवर्क कवरेज है, जो 2जी की बजाय 4जी और 5जी तक की यात्रा कर चुकी है। आज निवेश बढ़ा है।

भारत के सामने अब विदेशी मुद्रा संकट नहीं रहा, बल्कि अब भारत के पास 620 अरब अमेरिकी डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है। अब महंगाई दर एक अंक में है। मुद्रास्फीति घटकर पांच प्रतिशत के आसपास है। आर्थिक नीतियों का ही कमाल है कि भारत में स्टार्टअप तेजी से बढ़े हैं और देश में निवेश एवं रोजगार के मौके बढ़े हैं।

चुनावी साल में विपक्ष की ओर से इस श्वेत पत्र का जवाब न आता तो ही हैरानी होती। कांग्रेस ने जवाबी ब्लैक यानी काला पत्र जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि 2012 के एक करोड़ बेरोजगारों की तुलना में 2022 में 4 करोड़ लोग बेरोजगार थे।

# आधुनिकता के नाम पर शहरों से गुम होती प्रकृति



सुबह में कहां कोई संगीत होता है? वह तो अलसाए अंधेरे में लिपटी, चुपचाप होती है। सुबह देर तक सोने वाली अधुनातन पीढ़ी यही मानती है। बिस्तर पर पड़े रहने के आदी बहुत सारे लोगों का मानना है कि सुबह भ्रमण के लिए वही लोग निकलते हैं जो किसी बीमारी से ग्रस्त हैं। अनिद्रा के शिकार लोग भी सुबह का संकेत मिलते ही बिस्तर छोड़कर भाग निकलते हैं।

पालतू कुत्ते को सुबह घुमाने की मजबूरी लोगों को देर तक सोने नहीं देती। सेवानिवृत्त फुरसतिया लोग सुबह की खाली सड़कों पर और पार्क में वक्त काटने निकलते हैं। दरअसल, ऐसी सोच सुबह देर तक सोने वालों को आत्म तुष्टि देती है। आधुनिक पीढ़ी प्रतिस्पर्धात्मक जीवन जी रही है। ऐसे लोग पिछले दिन की असफलता के साथ सुबह देर तक अवसाद में पड़े रहते हैं। उन्हें सुबह मनहूस दिखाई देती है। मजबूरी में सुबह जल्दी उठ जाएं तो दिन इतना लंबा लगने लगता है कि काटना मुश्किल हो जाता है। वे जम्हाई लेते बुझे-बुझे से कहते फिरते हैं कि आज का दिन ही बर्बाद हो गया। अक्सर देर रात सोने के मानवीय स्वभाव, अनैतिक चिंतन और बेमतलबी उलझन का इल्जाम बेचारी सुबह झेलती है। लोगों का वश चले तो सुबह को होने ही न दें। दिन की शुरुआत दोपहर से होने लगे। कुछ आलसी लोग 'जब जागे तभी सवेरा' का मतलब इन्हीं अर्थों में लेते हैं। ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है, जो सुबह उठते हैं और बीते दिवस की सारी चिंताओं का बोझ लेकर भ्रमण के लिए निकलते हैं। ये लोग प्रकृति के संगीत को नहीं सुन पाते! अनेक ऐसे शहर में हैं, जहां रिहाइशी क्षेत्रों के आसपास हरियाली का अभाव है। खुले मैदानों की कमी है। विकसित उद्यान या पार्क नहीं हैं। सवाल उठता है कि ऐसी स्थिति में लोग प्रातः भ्रमण के लिए कहां जाएं? एक सतासी वर्षीय सेवानिवृत्त प्रोफेसर ऐसी ही एक बस्ती में पत्नी के साथ अकेले रहते हैं। इस उम्र में भी वे पूरी तरह स्वास्थ्य, चैतन्य और स्फूर्ति से भरे हुए हैं। आज भी दोपहिया वाहन और कार पूरी मुस्तैदी से चलाते हैं। उन्हें याद नहीं पड़ता कि कब वे सुबह भ्रमण के लिए नहीं गए। शहर में अपने घर पर हैं तो प्रातः भ्रमण की चूक नहीं होती। ठंड, गर्मी, बरसात- कोई भी मौसम उनके घूमने में आड़े नहीं आता। ठंड में आवश्यक गर्म कपड़े पहनकर और बरसात में छाता लेकर निकलते हैं।

इस तरह के लोग किसी को अपने आसपास भी मिल सकते हैं, जो नित्य सुबह चार बजे बिस्तर छोड़ देते हैं। पड़ोस के वे बुजुर्ग सुबह एक गिलास गुनगुना पानी पीते हैं। ताजा होने के बाद एक प्याला नींबू चाय पीते हैं और प्रातः भ्रमण के लिए निकल जाते हैं। उनके घर के आसपास न पार्क है, न हरियाली और न कोई मैदान। शहर के खाली रास्ते के किनारे-किनारे दूर तक पैदल निकल जाते हैं। वे इस दौरान मोबाइल के उपयोग से बचते हैं। न कोई संगीत, प्रवचन या भजन सुनते हैं और न ही किसी से बातचीत करते हैं। एक साक्षी भाव मन में रखते हैं। आसपास जो है, उसे ऊपर बैठी परम सत्ता की अनुपम कृति मानने का अपना सुख है और आत्मसात कर लेना शांति की राह। जो है, जैसा है, अपना है। इस जीवन का हिस्सा है। चीजें, वस्तुएं, प्राकृतिक हों या फिर भौतिक, उसमें तिरोहित हो जाना जीवन को संपूर्णता में जीने का जरिया है। गौर से सुना जाए तो सुबह की नीरवता में भोर का संगीत सुनाई देने लगता है। शुद्ध हवा के झोंके महसूस हो सकते हैं। पंछियों की आवाज अंदर उतरने लगती है। अपनी ही पदचाप हमें चेतावनी देती है। सूर्य की नरम किरणें रात के खुमार को धकेल देती हैं। ऐसे में जब लौटा जाए, तो मन आनंद की ऊर्जा से भरपूर रहता है। एक चाय का प्याला हाथ में लेकर अखबार या कोई पसंदीदा किताब पढ़ने का अपना सुख है। मोबाइल पर संदेशों का आदान-प्रदान सरोकारी होने का सूचक है। मन आया तो लिखने बैठ गए। किसी भी व्यक्ति की ऐसी दिनचर्या प्रेरणादायक होती है। लंबा और स्वस्थ जीवन जीने की मिसाल है। हिंदी फिल्म 'बूंद जो बन गई मोती' में एक खूबसूरत गीत है, जो सुबह की खामोशी में प्रकृति के संगीत को महसूस कराता है- 'हरी भरी वसुंधरा पर नीला नीला ये गगन, कि जिसपे बादलों की पालकी उड़ा रहा पवन। दिशाएं देखो रंग भरी, दिशाएं देखो रंग भरी चमक रहीं उमंग भरी।

ये किसने फूल फूल से किया शृंगार है, ये कौन चित्रकार है।' यह उस दौर का गीत है, जब भरपूर प्राकृतिक नजारे हमारे आसपास थे। आज शहरी इलाकों से प्रकृति लगभग पलायन कर चुकी है। आसपास बनावटी प्रकृति ने डेरा जमा लिया है। आधुनिकता, विज्ञान और विकास के भय से वह शहरों से दूर चली गई है। ऐसे में इस तरह के विचारों से संतोष मिलता है कि हमारे चारों ओर जो कुछ है, वह प्रकृति है। आसपास ही क्यों, हम स्वयं प्रकृति हैं। अगर हम अपने अंदर झांक सकें तो प्रकृति को ही पाएंगे। मानव इस विराट प्रकृति का हिस्सा है। बस सुबह के संगीत को महसूस करें। इसका आनंद अप्रतिम है।

## चिंतन- मनन

### कुछ भी करने से पहले थोड़ा सोचें

एक युवक ने शादी के कुछ साल बाद पिता से कहा कि वह विदेश जाकर व्यापार करना चाहता है। पिता ने उसकी मंजूरी दे दी। युवक अपने मां बाप और गर्भवती पत्नी को छोड़कर व्यापार करने विदेश चला गया। उसने विदेश में कड़ी मेहनत की और धन कमाया और वह बहुत अमीर सेठ बन गया। लगभग 15 वर्ष धन कमाने में बीत गए, तो उसे वापस घर लौटने की इच्छा हुई। पत्नी को पत्र लिखकर उसने आने की सूचना दी और जहाज में बैठ गया। वह सेठ कुछ दिनों बाद अपने नगर पहुंचा। नगर के एक चौराहे पर ही उसने देखा कि एक व्यक्ति एक बोर्ड के साथ खड़ा था। उस बोर्ड पर उसने लिख रखा था- बेशकीमती ज्ञान के सूत्र। सेठ ने उस व्यक्ति के पास जाकर पता किया तो उसने बताया कि मैं बेशकीमती ज्ञान के सूत्र बेच रहा हूं। तो सेठ बोला, ठीक है, एक सूत्र मुझे भी दे दो। वह आदमी बोला, मेरे हर ज्ञान सूत्र की कीमत 100 स्वर्ण मुद्राएं है। सेठ को यह सौदा महंगा तो लगा लेकिन उसने एक ज्ञान सूत्र खरीद लिया। उस व्यक्ति ने सेठ को ज्ञान का सूत्र दिया कोई भी कार्य करने से पहले 2 मिनट रुक कर सोच लेना। सेठ ने वह सूत्र अपनी डायरी में लिख लिया। सेठ को अपने घर पहुंचते-पहुंचते रात हो गई। सेठ ने सोचा, इतने सालों बाद लौटा हूं, तो क्यों ना, सीधे पत्नी के पास पहुंच कर उसे सरप्राइज दूं। घर के चौकीदारों को इशारों से अंदर कुछ भी कहने से मना कर दिया। और सीधे पत्नी के कमरे में गया। वहां का नजारा देखकर वह चौंक गया। उसने देखा कि उसकी पत्नी के साथ एक युवक सोया हुआ था। यह देखकर सेठ गुस्से से आगबबूला हो गया। वह सोचने लगा कि मैं परदेस में उसकी चिंता करता रहा और यह यहा अन्य पुरुष के साथ सो रही है। आज मैं इन दोनों को जिंदा नहीं छोड़ूंगा। वह गुस्से से अपनी तलवार निकाल कर दोनों पर वार करने ही जा रहा था। इतने में उसे 100 स्वर्ण मुद्राओं के बदले जो ज्ञान सूत्र खरीदा था। उसकी याद गई कि कुछ भी कार्य करने से पहले 2 मिनट सोच ले। वह 2 मिनट सोचने के लिए रुका। उसने तलवार वापस पीछे हटाई लेकिन वो किसी बर्तन से टकरा गई। बर्तन के गिरने की आवाज से पत्नी की नींद खुल गई। आंख खोलते ही उसने अपने सामने अपने पति को देखा, तो वह बहुत खुश हो गई और बोली, आपके बिना जीवन सुना सुना था। इंतजार में इतने वर्ष कैसे निकले यह मैं ही जानती हूं। पत्नी ने इतना बोलकर पास सोए हुए युवक को उठाते हुए बोली, बेटा! उठ जा! तेरे पिताजी आए हैं। युवक उठकर जैसे ही पिता को प्रणाम करने झुका तो माथे की पगड़ी सेठ के पैरों में गिर गई। उसके लंबे लंबे बाल बिखर गए। सेठ की पत्नी ने कहा, यह आपकी बेटी है। इसके सम्मान को कोई आंच न आए इसलिए मैंने इसे बचपन से ही पुत्र के समान पालन पोषण और संस्कार दिए हैं। यह सुनकर सेठ की आंखों से आंसू की धारा बह निकली। उसने पत्नी और बेटी को गले लगा लिया और सोचने लगा। यदि आज मैंने उस ज्ञान सूत्र पर अमल नहीं किया होता तो आवेश में आकर कितना अनर्थ हो जाता। मेरे हाथों से मेरा ही निर्दोष परिवार खत्म हो जाता।

## कार्टून कोना

कांग्रेस ने प्रमोद कृष्णम को छः साल के लिए किया पार्टी से बाहर



# त्रिनेत्र अकैडमी गुना के बच्चों ने फिर रचा गुना में इतिहास गुना जिले को गौरवान्वित




**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

करने वाली खबर यह है कि कुछ दिनों पहले संपन्न हुई जी मैंस सन 2024 की परीक्षा में त्रिनेत्र अकादमी के तत्वाधान में सफलता का परचम लहराया है त्रिनेत्र अकादमी के छात्रों में सम्यक जैन ने 99त्न 8 8 अखिलेश त्यागी ने 99.77त्न खुशी रघुवंशी ने 96.22त्न लक्ष्य ने 94.4त्न और यशराज नापरा ने ने 91.64 परसेंटेज अर्जित कर त्रिनेत्र एकेडमी एवं गुना जिले का नाम रोशन किया है छात्रों से हुई चर्चा के अनुसार उन्होंने इस सफलता का श्रेय त्रिनेत्र अकादमी के संचालक एवं योग्य शिक्षकों को दिया अच्छे अंक प्राप्त करने पर त्रिनेत्र अकादमी का आभार व्यक्त किया और बच्चों को संदेश दिया कि जिले में ही अध्ययन कर अच्छे अंक कम खर्चे में घर में रहकर प्राप्त किया जा सकते हैं

# जिला शिवपुरी नरवर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत छितरी में दबंग सेल्समेन की मनमानी के चलते ग्रामीणों को गेहूं की जरूरत इस समय पर दे रहा पैसे 2000 की रेट से जबकि मार्केट में 2400 से लेकर 2500 तक का भाव गेहूं का है

**पुष्पांजलि टुडे से सतीश परिहार पत्रकार करैरा**
**9399215234**



सेल्समैन लाला ठाकुर की गुंडागर्दी के चलते चल रही मनमानी तानाशाही जबकि ग्रामीण हो रहे राशन के बगैर बेहद परेशान पर सेल्समैन उनको पैसे देकर भगा दिया जाता है यदि किसी गरीब ग्रामीण ने आवाज उठाई तो उसकी आवाज दबा दी जाती है सेल्समैन की मनमानी के चलते डकार रहा दो दो-तीन तीन महीने का राशन मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी हेल्पलाइन सीएम हेल्पलाइन 181 है पर सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने पर भी नहीं हो रही ग्रामीणों की कोई सुनवाई गरीब ग्रामीण बेहद परेशान होकर 181 सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करते हैं पर सेल्समैन को कोई फर्क नहीं पड़ता सेल्समेन का कहना है कि जहां शिकायत करना हो कर दो मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता गरीब ग्रामीणों का दो-दो महीने का राशन लीलकर भी नहीं ले रहा सेल्समैन डकार जनपद पंचायत नरवर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत छितरी मैं मेरा एसडीएम महोदय से निवेदन है कि एक बार जनपद पंचायत नरवर की ग्राम पंचायत छितरी में चेक करवा ली जाए हर महीने ऐसा ही बोल दिया जाता है पैसा लेना हो ले जाओ अभी गेहूं नहीं आया है गरीब ग्रामीण बेहद परेशान
पत्रकार सतीश परिहार करैरा

# गुना के बच्चों ने फिर से रचा इतिहास

**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**



गुना जिले के लिए गौरवांवित करने वाली खबर ये है कि कुछ दिनों पहले ही संपन्न हुई जेईई मेंस 2024 की परीक्षा में जिले के छात्रों ने सफलता का परचम लहराया है। त्रिनेत्र एकेडमी के छात्रों में सम्यक जैन ने 99.88 परसेंटाइल अभिषेक त्यागी ने 99.77 परसेंटाइल, खुशी रघुवंशी 96.22 परसेंटाइल, लक्ष्य बुचके 94.4 और यशराज नापरा ने 91.64 परसेंटाइल अर्जित कर समूचे शहर का नाम रोशन किया है। छात्रों ने त्रिनेत्र के शिक्षकों के मार्गदर्शन में तैयारी करते हुए बेहतरीन परिणाम देकर गुना के छात्रों को भी ये संदेश दिया कि माता-पिता और परिवार के साथ ही रहते हुए सही मार्गदर्शन प्राप्त कर के गुना से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। भीड़ से हटकर इन छात्रों ने गुना में ही त्रिनेत्र एकेडमी को चुना और टीम त्रिनेत्र के मार्गदर्शन से सफलता अर्जित कर इतिहास रचा। त्रिनेत्र एकेडमी के डायरेक्टर इंजीनियर अर्पित रघुवंशी एवम इंजीनियर वसुवीर सिंह ने बताया की टीम त्रिनेत्र और छात्रों की कड़ी मेहनत से आज शहर को ये शानदार परिणाम का तोहफा प्राप्त हुआ है। पिछले वर्ष भी नीट और जेईई में छात्रों ने सफलता अर्जित कर देश के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्राप्त किया और अब वे डॉक्टर और इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं। इस वर्ष भी बेहतरीन परिणाम आने से उत्साह का माहौल है। ऐसे ही रिजल्ट्स और स्ट्रेसफ्री माहौल के कारण दिन प्रतिदिन त्रिनेत्र गुना और आसपास के क्षेत्र के बच्चों के बीच नीट जेईई की तैयारी के लिए पहली पसंद बन रहा है।नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) साल में दो बार जेईई मेन परीक्षा आयोजित करती है. साल 2024 में, यह परीक्षा जनवरी और अप्रैल के महीनों में होगी 7इसके अलावा, जिस साल छात्र 12वीं की परीक्षा पास करते हैं, उस साल से शुरू करके लगातार तीन साल तक जेईई मेन की परीक्षा दे सकते हैं. यानी, 12वीं के बाद लगातार तीन सालों में छह बार जेईई मेन परीक्षा में भाग लिया जा सकता है. जेईई मेन 2024 के लिए पात्रता मानदंड के मुताबिक, आवेदकों को 12वीं बोर्ड परीक्षा में कम से कम 75त्न अंकों के साथ पास होना चाहिए. या फिर उन्हें अपने बोर्ड के शीर्ष 20 प्रतिशत वाले छात्रों की सूची में जगह बनानी होगी. जेईई मेन एक नेशनल लेवल की एंट्रेंस परीक्षा है. इस परीक्षा में अच्छे अंक लाने के बाद, अगर आपका नंबर मेरिट में आ जाता है, तो आपको भारत के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों में पढ़ने का मौका मिलता है. जेईई मेन में 90-95 प्रतिशत का स्कोर, एनआईटी और आईआईटी में एडमिशन के लिए अच्छा माना जाता है

# पोहरी में वित्तीय अनियमितता करने पर पटवारी को किया पद से पृथक

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- तहसील कार्यालय पोहरी के पटवारी मणिकांत जैन द्वारा घोर वित्तीय अनियमितता किए जाने के कारण पद से पृथक किए जाने की कार्यवाही की गई है। पोहरी के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शिवदयाल धाकड़ द्वारा तहसील कार्यालय पोहरी के पटवारी मणिकांत जैन को महालेखाकार ग्वालियर की जांच में स्वयं, अपने परिवार एवं अन्य स्टॉफ के निजी खातों में राशि भुगतान करने का प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर निलंबित किया गया और नोटिस जारी कर 15 दिवस में जवाब चाहा गया था।इस मामले में तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने जांच की और जांचकर्ता अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर, महालेखाकार ग्वालियर की जांच में आरोप सिद्ध होने, संबंधित पटवारी द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने एवं कृत्य गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की श्रेणी में आना पाया गया है। निलंबित पटवारी मणिकांत जैन द्वारा की गई घोर वित्तीय अनीयमित्ता के कारण भू-अभिलेख नियमावली के तहत एवं मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत दीर्घशस्ति अधिरोपित की जाकर सेवा से पदच्युत किया गया है।

# राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में प्रस्ताव आमंत्रित

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाय) में प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं। प्रदेश के समस्त जिलों में एग्रोफॉरेस्ट्री योजना के प्रावधानों के अनुरूप नर्सरी विकास, हाईटैक नर्सरी, वृहद नर्सरी आदि की स्थापना तथा विकास कार्यों को प्रोत्साहन देने के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं।आयुक्त किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया है कि आरकेवीवाय योजना कैफेटेरिया में इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई) में उपयुक्त व्यक्तियों, संस्थाओं, कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ), स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) तथा शासकीय/अशासकीय संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं। उन्होंने बताया है कि इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्थाएं अपने प्रस्ताव इस माह की अंतिम तिथि 29 फरवरी तक प्रस्तुत कर सकते हैं।योजना, प्रस्तावित कार्यों का विवरण एवं आवेदन का प्रारूप विभागीय वेबसाइट 222/ से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

# विकासखंड पोहरी के ग्राम आकुर्सी में मनाया सरसों प्रक्षेत्र दिवस

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**




शिवपुरी- विकासखंड पोहरी के ग्राम आकुर्सी में मंगलवार को संकुल अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन तिलहन (सरसों) अतंर्गत प्रक्षेत्र दिवस सह कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भा.कृ.अनु.प-अटारी जोन 9, जबलपुर के निर्देशानुसार संकुल अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन तिलहन अंतर्गत जिले में सरसों का क्षेत्रफल एवं उत्पादकता बड़ाने के उद्धेश्य से कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा कलस्टर का चयन कर विभिन्न ग्रामों में प्रदर्शन डाले गये। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पुनीत कुमार के निर्देशन में संकुल अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत सरसों की उन्नत प्रजाति का प्रचार-प्रसार हेतु डॉ.ए.एल.बसेड़िया, वैज्ञानिक (कृषि अभियांत्रिकी) प्रभारी संकुल अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन तिलहन द्वारा सरसों (प्रजाति आर एच 725) के प्रदर्शनों का महत्व विस्तार से समझाया एवं किसानों को सरसों की उन्नत तकनीकी खेती एवं सामयिक सलाह के साथ किसानों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ.जे.सी. गुप्ता, वैज्ञानिक (पौध संरक्षण) द्वारा सरसों एवं रबी फसलों से सम्बन्धित तकनीकी जानकारी दी गई। इसके साथ ही सरसों का उन्नत बीज तैयार करने की विस्तार से किसानों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 50 किसानों की भागीदारी रही।

## 500 बीघा वनभूमि पर लहलहाती गेहूं एवं सरसों की फसल

# बन विभाग के कर्मचारी से साठ- गांठ कर दमंगो ने किया भूमि पर अबैध कब्जा आमोलपठा





**पुष्पांजलि टुडे से सतीश परिहार पत्रकार करैरा**
**9399215234**

शिवपुरी जिले की सतनबाडा रेंज में हरे भरे बृक्ष काटकर दस बर्षो से दमंग लोग वनभूमि की करीब 500 बीघा जमीन पर कब्जा कर फसल कर रहे हैं। वर्तमान समय में इस जमीन पर गेहूं और सरसों की फसल लहराते हुए दिख रही है। जिसकी शिकायत पीडित इन्दर सिंह बघेल निवासी शेरगढ के द्वारा लिखित शिकायत वनविभाग में की गई। दमंग गुर्जर समाज ने 500 बीघा जमीन पर अबैध कब्जा कर खेती कर रहे हैं। आम रास्ता को भी बंद कर दिया गया है। जिससे उनके पशु चरने के लिए भी नहीं निकलने नहीं दे रहें वहां के ग्रामीण परेशान बने हुए हैं। इसी वनभूमि की जमीन को लेकर फोरेस्ट विभाग में दो बर्ष पहले शिकायत की थी। जिसमें दमंग गुर्जर समाज के लोगों द्वारा शिकायती लाल सिंह बघेल पर लाठी चार्ज हुआ था जिसमें लाल सिंह की हत्या हो गई थीं।वनभूमि की जमीन पर पिता की चली गई जान फोरेस्ट विभाग ने अभी तक नहीं हटवाया कब्जासतनबाडा रेंज के शेरगढ बीट में दस बर्षो से दमंग कर रहे खेती शिकायत पर दे रहें धमकी पीडित ने तमाम शिकायत के बाद आरोप लगाया है कि बीट में डिप्टी रेंजर एवं बन रक्षक अनील भार्गव की मिलीभगत के चलते खेती करवा रहे हैं। और शिकायत करने पर धमकिया दिला रहे हैं। बन क्षेत्र से हो रहा अबैध उत्खनन ब जंगलों से लडकी काटकर टैक्टर ट्रॉली से भरकर ऊचे दामो में सेलिंग ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा है कि बीट शेरगढ जंगल में अबैध तरीके से वनभूमि पर कब्जा कर खेती करने के साथ ही यहां पर भारी पैमाने अबैध रूप से पत्थर खंडा बोल्डर बिना किसी रोक - टोंक के जारी है। अबैध लकडी काटकर टैक्टर ट्रॉली से भरकर ढाबो पर ऊचे दामो में खपाई जा रही है। बन विभाग के कर्मचारी गश्त तो करते हैं लेकर अपनी जेमे भरने में जुटे हुए हैं इन गांव के माफियाओ पर कार्यवाही आज तक नहीं की गई।

# रेत माफिया के टोकन सिस्टम को लेकर युवाओं ने जताया विरोध

## कार्यवाही की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन



**पुष्पांजलि टुडे से सतीश परिहार करेरा**
**9399215234**

**शिवपुरी** समूचे करैरा अंचल में रेत के अवैध कारोबार तथा माफिया राज को लेकर हर आमजन बुरी तरह से त्रस्त बना हुआ है । इन दिनों गांव गांव में रेत का अवैध कारोबार रेत माफिया द्वारा किया जा रहा है।गांव गांव अवैध उत्खनन कर रेत के तथाकथित ठेकेदारों द्वारा क्षेत्र में चलायें जा रहे टोकन सिस्टम के माध्यम से अवैध वसूली कर लाखों रुपए कमाये जा रहें हैं। जिससे प्रतिदिन हजारों रुपए की चपत शासकीय खजाने को लगने का अनुमान है। तथा अवैध खदानों पर कब्जे को लेकर आये दिन रंगदारी की घटनाएं सामने आ रही है जिससे आमजन भी दहशत में महसूस कर रहा है। वहीं प्रशासन उनके राजनीतिक रसूख के चलते उक्त घटना क्रम का मूक दर्शक बना हुआ है।गत दिवस करेरा हाइवे पर होटल सांई दरबार के आगे कल टोकन वसूली को लेकर दो गुट आमने-सामने आ गए जिनमें काफी देर तक विवाद चलने के साथ ही हथियारों का प्रदर्शन हुआ जिसे देखकर करेरा के आमजन भी दहशत में बने हुए हैं।उसी घटना के चलते आज करेरा में लगभग आधा सैकड़ा युवाओं ने तहसील कार्यालय पंहुच कर रेत माफिया द्वारा चलाए जा रहे टोकन सिस्टम को बंद कर अवैध उत्खनन पर अभिलंब रोक लगाने की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।तथा दो दिवस में कार्यवाही नहीं किए जाने की स्थिति में टेंट लगाकर धरना प्रदर्शन की बात कही गई है।



# संपूर्ण देश में गांव चलो अभियान कार्यक्रम

**पुष्पांजलि टुडे से विजय परिहार पत्रकार करेरा**

संपूर्ण देश में माननीय प्रधानमंत्रीश्री नरेंद्र मोदी जी के निर्देश अनुसार एवं भारतीय जनता पार्टी के मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री श्री डॉक्टर मोहन यादव तथा प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री बीडी शर्मा जी के निर्देश अनुसार संपूर्ण जिला शिवपुरी के अध्यक्ष माननीय राजू बाधम जी के निर्देश अनुसार एवं करैरा क्षेत्रीय विधायक आदरणीय रमेश खटीक जी के सहयोग सेसंपूर्ण मध्य प्रदेश में जिला शिवपुरी में गांव चलो अभियान चलाया जा रहा है से संपर्क किया। ग्राम के सभी बस्तियों का भ्रमण किया जिसमें गांव वालों को भारत सरकार की जनहित की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी आज ग्राम पंचायत शीला नगर में कई कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने वाले



हितग्राहियों से मिलने के बाद उन्होंने माननीय मोदी जी को हृदय से धन्यवाद दिया और आने वाला लोकसभा चुनाव में फिर से मोदी जी को लाने के लिए उत्सुक थे जिसमें गांव चलो अभियान के ग्राम शीला नगर के प्रवासी बनाए गए श्री विजय परिहार जी मण्डल अध्यक्ष ह्यष मोर्चा सिरसौद ग्राम पंचायत के सरपंच श्री शालीकराम कुशवाहा जी के साथ

विपिन गुप्ता जी बूथ
अध्यक्ष 157
राजेंद्र गुर्जर जी बूथ अध्यक्ष 158
सुरेंद्र कुशवाहा बूथअध्यक्ष 159
भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता श्री
अमित सोनी पदम सिंह राठौड़
मनीष सेन
सुरेंद्र लोधी
संतोष मिश्रा
कृपाल परिहार
संजू सेन
शंकर परिहार
नीरज सेन
पंकज सोनी ग्राम शीलानगर के तीन भूत अध्यक्षों के साथ उनकी सभी सभी कार्यकारी सभी सदस्यउपस्थित रहें

# राजकोट टेस्ट में डेब्यू कर सकते हैं ध्रुव जुरेल

## विकेटकीपर केएस भरत की जगह लेंगे; बुमराह को चौथे टेस्ट से आराम संभव



**नई दिल्ली।** विकेटकीपर बैटर ध्रुव जुरेल इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में डेब्यू कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह राजकोट में केएस भरत की जगह लेंगे। सिलेक्शन कमेटी भरत के प्रदर्शन के खुश नहीं है, इसलिए उन्हें प्लेइंग-11 से बाहर बैठाया जा सकता है। शुरुआती 2 टेस्ट में 15 विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह तीसरा टेस्ट खेलेंगे, लेकिन उन्हें चौथे टेस्ट से आराम दिया जा सकता है, ताकि वह 5वें टेस्ट के लिए फिट रह सकें।

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का तीसरा टेस्ट राजकोट में 15 फरवरी से खेला जाएगा। सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है।

### भरत की बैटिंग से नाखुश सिलेक्टर्स

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट अनुसार, सिलेक्टर्स भरत की बैटिंग और विकेटकीपिंग से खुश नहीं हैं। उनका कहना है, 'भरत अपने मौकों को भुना नहीं पा रहे हैं। दूसरी ओर, जुरेल युवा हैं, वह नेट्स में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और भविष्य में उनसे बहुत उम्मीदें हैं। जुरेल ने उत्तर प्रदेश के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। इंडिया-ए और ढ्क्क में राजस्थान रॉयल्स से खेलते हुए भी उन्होंने प्रभावित किया है। जुरेल को राजकोट में टेस्ट डेब्यू मिल भी सकता है।'

### 7 टेस्ट में 221 रन ही बना सके भरत

केएस भरत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल टेस्ट डेब्यू किया था। वह अब तक खेले 7 टेस्ट में एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके। उन्होंने 20.09 की औसत से 221 रन बनाए हैं, इनमें भी 44 रन उनका बेस्ट स्कोर रहा। इंग्लैंड के खिलाफ भी शुरुआती 2 टेस्ट में वह 92 रन ही बना सके।

दूसरी ओर 23 साल के ध्रुव जुरेल ने अब तक इंटरनेशनल डेब्यू नहीं किया है। 15 फर्स्ट क्लास मैचों में उनके नाम 46.47 की औसत से 790 रन हैं। उन्होंने एक सेंचुरी और 5 फिफ्टी लगाई हैं। उन्होंने 13 ढ्क्क मैचों में 172.73 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

### चौथे टेस्ट से बुमराह को मिल सकता है आराम

जसप्रीत बुमराह का वर्कलोड मैनेज करने के लिए उन्हें रांची में चौथे टेस्ट से आराम दिया जा सकता है।



सिलेक्टर्स ने कन्फर्म किया कि वह राजकोट में तीसरा टेस्ट खेलेंगे। वह धर्मशाला में पांचवें टेस्ट के लिए फिट महसूस कर सकें, इसलिए उन्हें चौथे टेस्ट से आराम दिया जा सकता है।

### आवेश खान को बाहर नहीं किया गया

आखिरी 3 टेस्ट के स्क्वॉड में तेज गेंदबाज आवेश खान की जगह आकाश दीप को जगह मिली। सिलेक्टर्स ने कहा कि आवेश रणजी ट्रॉफी मैच खेल सकें, इसलिए उन्हें ब्रेक दिया गया है। उन्हें गेम टाइम की जरूरत है। दूसरी ओर आकाश दीप रणजी ट्रॉफी में बंगाल और इंडिया-ए के लिए लगातार खेल रहे हैं, इसीलिए उनके ग्रोथ के लिए उन्हें स्क्वॉड में जगह दी गई। वैसे भी अगर टीम में पेसर्स की जरूरत रही तो बुमराह और सिराज के साथ मुकेश कुमार भी रहेंगे।



# अय्यर को फैसला करना होगा...

## संघर्ष कर रहे मध्यक्रम बल्लेबाज को मांजरेकर की सलाह

**मुंबई ,** पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने आलोचनाओं का सामना कर रहे मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को सलाह दी कि अगर वह टेस्ट क्रिकेट में उत्कृष्टता हासिल करना चाहते हैं तो उन्हें अपने रक्षात्मक खेल पर काम करना होगा। टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत के बाद स्कोर करने के लिए संघर्ष कर रहे अय्यर को इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम तीन टेस्ट मैचों के लिए टीम से बाहर कर दिया गया है। अपने पिछले 7 टेस्ट मैचों में अय्यर ने 12 पारियों में 17.00 की औसत से सिर्फ 187 रन बनाए हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर सिर्फ 35 रहा है। एक वीडियो में मांजरेकर ने कहा, अय्यर को यह तय करना होगा कि वह किन प्रारूपों में प्रयास करेंगे और उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। यदि टेस्ट उनकी प्राथमिकता बनी रहती है, तो उन्हें अपने रक्षात्मक खेल पर काम करना होगा चाहे वह गति और उछाल या स्पिन हो। एक ऐसा खेल विकसित करें जहां रक्षा में विश्वास है और फिर जब आक्रामक रास्ता अपनाता है तो यह रक्षात्मक खेल का विस्तार है जहां वह हावी होने की कोशिश कर रहा है और जवाबी हमला खेलकर दबाव से बचने की कोशिश नहीं कर रहा है। तीसरे टेस्ट लाइन-अप के लिए अपनी भविष्यवाणियों के बारे में मांजरेकर ने कहा कि केएल राहुल एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में वापसी करेंगे और उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि टीम प्रबंधन विकेटकीपर स्थान के बारे में कैसे सोच रहा है। केएस भरत ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, सात मैचों में 20.09 की औसत से सिर्फ 221 रन बनाए हैं, 12 पारियों में कोई अर्धशतक नहीं बनाया है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 44 है। मांजरेकर ने कहा कि वह भारत को अन्य विकेटकीपिंग विकल्पों के साथ खेलते देखना चाहेंगे। उन्होंने कहा, राहुल निश्चित रूप से एक बल्लेबाज के रूप में आते हैं। मुझे नहीं पता कि टीम प्रबंधन और चयनकर्ता कीपर के बारे में क्या सोच रहे हैं। इससे पहले कि ऋषभ पंत आएं और टेस्ट टीम में अपनी सही जगह लें, कुछ अन्य पर नजर डालना चाहेंगे, भारत के पास विकल्प हैं।



# डेविड वॉर्नर ने मोहम्मद रिजवान को पछाड़ा

## वेस्टइंडीज के खिलाफ हासिल की उपलब्धि



**एडिलेड,** ऑस्ट्रेलिया के स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान को पीछे छोड़कर टी20आई क्रिकेट में सातवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। वार्नर ने एडिलेड में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। मैच में वॉर्नर ने 19 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 22 रन बनाए। उनके रन 115 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से आए। वार्नर ने 101 मैचों में 33.17 की औसत और 141 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 2,986 रन बनाए हैं। उन्होंने प्रारूप में एक शतक और 25 अर्द्धशतक बनाए हैं जिसमें 100* का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामि है। दूसरी तरफ रिजवान ने 90 मैचों और 78 पारियों में 48.86 की औसत और 127 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 2,981 रन बनाए हैं। उन्होंने 104* के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ एक शतक और 26 अर्द्धशतक बनाए हैं। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली टी20आई में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं उन्होंने 117 मैचों और 109 पारियों में 51.75 की औसत से 4,037 रन बनाए हैं।



# एशिया कप फुटबॉल : अफीफ की हैट्रिक से कतर ने जीता एशिया कप का खिताब, फाइनल में जॉर्डन को हराया

**लुसैल (कतर),** अकरम अफीफ की हैट्रिक की मदद से कतर ने जॉर्डन को 3-1 से शिकस्त देकर एशिया कप फुटबाल का खिताब अपने नाम कर लिया। खास बात यह है कि अफीफ ने तीनों गोल पेनाल्टी पर किए। उन्होंने 22वें, 73वें और 90+5वें मिनट में गोल दागे। वहीं, जॉर्डन के लिए एकमात्र गोल यजान अब्दुल्ला अलनैमत ने 67वें मिनट में किया। अफीफ ने टूर्नामेंट में आठ गोल किए। वह एशिया कप टूर्नामेंट के फाइनल में हैट्रिक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। अफीफ ने कहा, मैंने पेनाल्टी पर गोल किए। मेरी टीम को मुझ पर भरोसा था। कतर आठवां मेजबान देश है जिसने यह टूर्नामेंट जीता है। वहीं, कतर की टीम मैच में और गोल कर सकती थी, लेकिन जॉर्डन के गोलकीपर यजीद ने दो गोल बचाकर उन्हें ऐसा करने नहीं दिया।

# खरगोन पुलिस द्वारा 48 घंटे के भीतर अंधे कत्ल का किया पर्दाफाश

## आपसी रंजिश के चलते आरोपियों ने की हत्या ,आरोपियों के कब्जे से उनके 03 मोबाईल फोन कीमत लगभग 45,000/- रुपये जप्त



खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ
पुष्पांजलि टुडे

### घटना मे प्रयुक्त 01 मोटरसाइकल कीमत लगभग 50 हजार रुपये व 01 कार कीमत लगभग 06 लाख रुपये पुलिस द्वारा जप्त

### हत्या की घटना मे शामिल 03 आरोपियों को पुलिस ने 48 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री अनुराग सिंह एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री चन्द्रशेखर सोलंकी द्वारा थाना कसरावद क्षेत्रांतर्गत ग्राम गवला के पास नहर में मिली अज्ञात लाश की शिनाख्तगी व अज्ञात आरोपियों की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था । वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह के निर्देशन में व अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया, अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल के मार्गदर्शन मे पुलिस टीम थाना कसरावद द्वारा हत्या करने वाले अज्ञात आरोपी की पतारसी एवं गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है ।

### घटना का संक्षिप्त विवरण :-

दिनांक 10.02.2024 को थाना कसरावद पर सूचना मिली कि, गवला रोड के पास स्थित छोटी नहर में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पडी हुई है जिसके शरीर पर खून लगा होकर हाथ में कटा हुआ घाव दिखाई दे रहा है, लाश के पास में खून पडा हुआ दिखाई दे रहा है तथा लाश के पास में एक नायलोन की पतली रस्सी पडी हुयी दिखाई दे रही है । सूचना पर तत्काल पुलिस टीम को सूचना की तस्दीक हेतु रवाना किया गया पुलिस टीम के द्वारा घटनास्थल पहुंच कर पाया कि अज्ञात लाश होकर उसके शरीर पर किसी तेज धारदार हथियार का प्रयोग कर प्रथमदृष्टीय किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या करना प्रतीत हुआ । उक्त घटना पर से थाना कसरावद पर अपराध क्रमांक 49/2024 धारा 302 भादवि. का कायम कर विवेचना में लिया जाकर अज्ञात लाश व अज्ञात बदमाशो की पतारसी हेतु पुलिस टीम गठित की गई । मौके पर फोरेंसिक अधिकारी डां. सुनिल मकवाना अपनी टीम के साथ तत्काल पहुंचे जिन्होने अज्ञात घटना के तथ्यों को जोडकर सुराग लगाने हेतु बताया ।

पुलिस टीम द्वारा अज्ञात लाश मिलते ही घटनास्थल व आसपास के क्षैत्र का सर्चिंग अभियान चलाकर घटनास्थल के आसपास के जंगली पहाडी क्षैत्र व नहर की बारिकी से सर्चिंग के दौरान महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले । मृतक के फोटो सोशल मिडिया पर वायरल कर क्षैत्र के जनप्रतिनिधियों व अन्य महत्वपूर्ण लोगो से इस संबंध में मदद ली गई, जिस पर से पुलिस टीम ने अज्ञात लाश का पता मृतक आकाश बघेल पिता भंवरसिंह बघेल जाति मानकर उम्र 19 वर्ष निवासी उटावद को होना पाया ।

पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर अन्य साक्ष्यों के आधार पर लगातार पतारसी करते हुए अज्ञात आरोपियों को 48 घंटे के अंदर बदमाशो को पकडनें में सफलता हासिल की है । आरोपी गौतम पिता पूनमचंद जायसवाल जाति कलाल उम्र 19 वर्ष निवासी उटावद व हेमेन्द्र पिता गणेश चौहान जाति राजपुत उम्र 19 वर्ष निवासी डेडगांव के साथ मिलकर मृतक आकाश से आपसी रंजिश के कारण योजनाबध्द तरीके से एक लोहे के धारदार छुरे व एक नायलोन की रस्सी से आरोपी गोतम की सफेद रंग की सियाज कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 6468 में बिठाकर मुलठान रोड डेडगांव में रोड़ से जंगल में अंदर ले जाकर कई बार छुरा घोपकर हत्या करना पाया । बाद हत्या आरोपीगण ने लाश को गवला के पास नहर में लाकर फेंक दी तथा कार में लगे खून को गौतम व उसके भाई वासु पिता पूनमचंद जायसवाल जाति कलाल उम्र 19 वर्ष निवासी उटावद साफ कर साक्ष्य मिटा दिये थे । आरोपियों की निशानदेही पर घटना मे उपयोग किया धरधार लोहे का छुरा व नाइलोन की रस्सी जप्त की गई । आरोपियों पर से उक्त अपराध मे धारा 201,120 बी व 34 भादवि का इजाफा कर विवेचना मे लिया गया ।

### घटना मे प्रयुक्त जप्तशुदा वाहन

1.सफेद रंग की सियाज कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 6468 कीमत लगभग 6,00,000/- रुपये
2.एक मोटरसायल टीवीएस कंपनी की क्रमांक एमपी 10 एमएफ 9816 कीमत लगभग 50,000/- रुपये
3.आरोपियों के कब्जे से उनके 03 मोबाईल फोन कीमत लगभग 45,000/- रुपये जप्त

### गिरफ्तार आरोपियों के नाम

1.गौतम पिता पूनमचंद जायसवाल जाति कलाल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम उटावद ।
2.हेमेन्द्र उर्फ सोनु पिता गणेश चौहान जाति राजपुत उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम डेडगांव ।
3.वासु पिता पूनमचंद जायसवाल जाति कलाल उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम उटावद ।

पुलिस टीम

उक्त की गई कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग मण्डलेश्वर श्री मनोहरसिंह गवली एवं थाना प्रभारी कसरावद निरीक्षक मंशाराम रोमडे, थाना प्रभारी मण्डलेश्वर उनि दीपक यादव के नेतृत्व में उनि राजेन्द्र अवास्या, सउनि मोहन सिंगला, सउनि आशीष पटेल, प्रआर. संजीव पाण्डे, प्रआर. मनोजसिह कुशवाह, आर. महेन्द्रसिंह ठाकुर, आर. जितेन्द्रसिंह बघेल, आर. अतुल पटेल, आर. बलराम मुकाती, आर. विक्कु गाठे व थाना मण्डलेश्वर के आर. अनुरागसिंह तोमर, आर. भगवान सोलंकी, आर. धर्मेन्द्र मित्तल, तथा सायबर टीम साइबर सेल से प्रआर 777 आशीष अजनारे, आर. 275 अभिलाष डोगरे, आर. 693 सचिन चौधरी, आर 10 मगन, आर 238 विजयेन्द्र व आर 847 सोनू का सराहनीय कार्य रहा ।

# खरगोन पुलिस नो औद्योगिक क्षेत्र में चोरी करने वाले गैंग का किया पर्दाफाश

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ
पुष्पांजलि टुडे

### चोरी करने वाले बेटमा, इण्डोरामा, घाटा बिल्लोद व बलकवाड़ा क्षेत्र कुल 06 आरोपी गिरफ्तार

### चौकी खलटाका के अंतर्गत निमरानी स्थित औद्योगिक क्षेत्र में साई मैजिक फुड्स प्रोडक्ट प्रा. लि. कंपनी में दिया था चोरी की वारदात को अंजाम

### आरोपियों के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त रेनाल्ट काईगर कार कीमत लगभग 05 लाख, बुलेरो पिकअप क्रं किमती करीबन 03 लाख जप्त

### आरोपियों के निसंदेही पर दो इलेक्ट्रीक मोटर जिसकी कीमत लगभग 50 हजार जप्त



पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री अनुराग सिंह एवं पुलिस उप. महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री चंद्रशेखर सोलंकी द्वारा जिला खरगोन में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाकर अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था । वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) खरगोन श्री मनोहर बारिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) खरगोन तरुणेन्द्रसिंह बघेल के द्वारा समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं समस्त थाना प्रभारीयों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य मे थाना बलकवाड़ा पुलिस टीम व्दारा चोरी करने वालों गैंग के विरुध्द कार्यवाही की गई है ।

### घटना का संक्षिप्त विवरण–

दिनांक 04/02/2024 को सांई मैजिक फुड्स प्रोडक्ट प्रा.लि. आटामिल औद्योगीक क्षेत्र निमरानी के चौकीदार नें पुलिस चौकी खलटाका पर सूचना दी थी दिनांक 03.02.2024 व 04.02.2024 की मध्य रात्री मे अज्ञात बदमाश के द्वारा कंपनी के गेट का ताला तोड़कर कम्पनी मे जंग लगी इलेक्ट्रीक मोटरे किमती करीब 90000/- रुपये की चुराकर ले गये है फरियादी की रिपोर्ट पर अप. क्रं. 40/24 धारा 457,380 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया । उक्त घटना को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गंभीरता से लिया जाकर माल मुल्जिम की पतारसी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशानुसार गठित पुलिस टीम के द्वारा घटनास्थल के आसपास एवं हाईवे पर स्थित ढाबों एवं कंपनियों में लगे 100 से अधिक सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये जिसमें घटना मे प्रयुक्त वाहनों को संदिग्ध वाहनो को चिन्हित कर मुखबिरों से प्राप्त जानकारी के आधार पर थाना पिथमपुर क्षेत्र के इण्डोरामा से अमरदीप पिता राजेन्द्र सिंह गोहर ,अनीस पिता गफ्फार खान, थाना बेटमा क्षेत्र से दीपक पिता संतोष मकवाना व कबाड़ का धंधा करने वाला मोहम्मद रिजवान पिता मो. युनुस,थाना सादलपुर से मोहसीन शाह पिता मुस्तकीम शाह एवं बलकवाड़ा क्षेत्र से अकिब पिता आरिफ खान को अभिरक्षा में लिया जाकर सख्ती से पूछताछ किये जाने पर दिनांक 04/02/2024 को निमरानी औद्योगिक क्षेत्र में साई मैजिक फुड्स प्रोडक्ट प्रा. लि. कंपनी में चोरी करना स्वीकार किया ।

आरोपियों में अनीस खान का ससुराल बलकवाड़ा क्षेत्र के ग्राम बलखड़ में है तथा अकिब खान उसका साला हैं। उक्त आरोपी अनीस ससुराल आने के दौरान क्षेत्र में बंद कंपनीयों के संबंध में घुमकर जानकारी प्राप्त करता था व रैकी करता था । जिसने इण्डोरामा क्षेत्र के अमरदीप गोहर व उसके अन्य साथियों के साथ मिलकर कंपनी से इलेक्ट्रीक मोटरे चुराने की योजना बनायी एवं अकिब के पिकअप वाहन को मोटरो को रखने व मोहसीन शाह की कार रेनाल्ट काईगर से चोरी करने आने की योजना बनाड़ी । कुल 09 आरोपी उक्त घटना को कारित करने के लिया पिकअप वाहन व रेनाल्ट काईगर कार से कंपनी में दाखिल हुये थे । चोरी करने के बाद इलेक्ट्रीक मोटरो को पिकअप के द्वारा चोरो नें बेटमा क्षेत्र के कबाड़ी रिजवान पिता युनुस को 02 लाख रुपये में सौदा कर बेच दिया एवं उससे प्राप्त रुपयों को आपस में बाट लिया था बाद रिजवान द्वारा चोरी की मोटरो को इंदौर कालानी नगर के एक कबाड़ी को बेचा था जो फरार हैं। उक्त घटना का कारित करने वाले अन्य 04 आरोपी व इन्दौर का कबाड़ी फरार हैं ।

### गिरफ्तार आरोपियो के नाम –

1.अमरदीप पिता राजेन्द्रसिंह गोहर जाति भंगी उम्र 22 साल निवासी इन्डोरामा थाना पिथमपुर
2.दीपक पिता संतोष मकवाना जाति भील उम्र 25साल निवासी कालीबिल्लोद थाना बेटमा
3.अनीस पिता गफ्फार खाना उम्र 24 साल निवासी इण्डोरामा थाना पिथमपुर
4.मोहसीन शाह पिता मुस्तकीम शाह उम्र 28 साल निवासी गुणावद थाना सादलपुर
5.अकिब पिता आरिफ खान उम्र 24 साल निवासी ग्राम बलखड़ थाना बलकवाड़ा
6.मोहम्मद रिजवान पिता मो. युनुस रंगरेज उम्र 32 साल निवासी आवास कालोनी थाना बेटमा

फरार आरोपी

1.नवदीप गोहर पिता राजेन्द्र सिंह नि. घाटाबिल्लोद
2.जुगनु निवासी इण्डोरामा
3.गोपाल निवासी इण्डोरामा
4.जहीर निवासी लंगोटा
5.पण्डित जी निवासी कालानी नगर इंदौर

पुलिस टीम

उक्त कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग खरगोन श्री मनोहर सिह गवली एवं थाना प्रभारी निरीक्षक श्री रामेश्वर ठाकुर के नेतृत्व मे चौकी प्रभारी उनि रितेश तायडे, सउनि अशोक नैयर, प्रआर. 711 राजेन्द्र कुशवाह, आर. 544 अनिल कुशवाह, आर. 798 नीरज यादव, , आर. 813 नरेन्द्र जाट, आर. 460 राकेश चौहान व सायबर सेल खरगोन का सराहनीय योगदान रहा ।

# खडेर गांव में सरसों की फसल खराब होने पर ग्रामीणों ने दिया एसडीएम को ज्ञापन



दैनिक पुष्पाजलि टुडे

गोहद तहसील के खड़ेर गांव में सरसों की फसल खराब होने लगी है जहां सरसों की फसल पककर तैयार होने लगी है इसी दौरान फसल झड़ गई है जिसके कारण किसानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा है जिसको लेकर खडेर गांव के निवासी किसानों ने गोहद एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सोपा और मांग करते हुए सरसों की खराब हो रही फसल का शीघ्र आकलन कराकर उचित कार्रवाई करने की मांग की जिससे कि किसानो की खराब हो रही फसल का नुकसान का मुआवजा मिल सके एसडीएम पराग जैन ने सभी किसानों को अशास्त्व किया कि मामले की शीघ्र जांच कराई जाएगी साथ ही सभी किसानों से आग्रह भी किया की सभी किसान अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराने की कोशिश किया करें किसानों को अधिकांश फसल का बीमा अवश्य कराना चाहिए जिससे कि फसल का ज्यादा नुकसान होने पर उचित मुहावजे की भी कार्रवाई शासन द्वारा की जाती है

# रते का पुरा गांव में दबंगों ने किया शासकीय भूमि पर कब्जा, मार्ग हो रहा अवरुद्ध



दैनिक पुष्पाजलि टुडे

गोहद जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत एंडोरी के रते का पुरा गांव के लगभग एक दर्जन लोगों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम पराग जैन को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि रते का पुरा गांव में दबंगों ने शासकीय जमीन पर कब्जा कर लिया है जिससे रते का पुरा से बरौना की ओर बनाए जा रहे मनरेगा के तहत सुदूर संपर्क सड़क योजना अवरुद्ध हो गई है सुदूर संपर्क सड़क योजना के तहत जो रोड बनाई जा रही थी उसकी जमीन पर कब्जा होने से उस पर कार्य नहीं कराया जा रहा जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वही पूर्व में भी दबंगों को एसडीएम कार्यालय से नोटिस जारी कर कार्रवाई की गई थी लेकिन अभी तक शासकीय जमीन से अवैध कब्जा नहीं हटाया गया जिसके कारण रोड नहीं बन पा रही है शासकीय जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया

# सरिया पुलिस की कार्रवाई 25 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

सरिया– दिनांक 10.2.2024 को थाना प्रभारी और उनके स्टाफ पेट्रोलिंग पर रवाना हुए थे की पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी सुमन लक्ष्मड़ पिता सुखलाल लक्ष्मे उम्र 40 वर्ष साकिन बोंदा थाना सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ छत्तीसगढ़ के कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी के अंदर प्लास्टिक पन्नी में भरा हुआ 25 लीटर हाथ पट्टी कच्ची महुआ शराब जिसकी कीमत ड़5000 को बिक्री हेतु ला रहा था। जिसे गवाहों के समक्ष जाकर मौके पर थाना प्रभारी ने कार्रवाई करते हुए धारा 0/24 धारा 34(2) 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को जेल दाखिल किया गया। इस कार्यवाही में मुख्य रूप से थाना प्रभारी और उनके हमराह स्टाफ शामिल रहे।

# भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर चिरमिरी क्षेत्र में पत्रकारो से की प्रेस वार्ता,क्लस्टर प्रभारी अमर अग्रवाल व लोकसभा प्रभारी धरमलाल कौशिक के साथ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे मौजूद

चिरमिरी - लोकसभा स्तरीय चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चिरमिरी क्षेत्र के शामली रेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक लोकसभा क्लस्टर प्रभारी अमर अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व नेता प्रतिपक्ष व विधायक लोकसभा प्रभारी धरमलाल कौशिक मौजूद रहे जिसमें पत्रकारों से चर्चा करते हुए विधानसभा में जिस तरह भारतीय जनता पार्टी की जीत हुई है उसी प्रकार लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत से जीत हासिल कर एक बार फिर से केंद्र में अपनी सरकार बनाएगी और जन कल्याण में कार्य करेगी जिससे देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारे भारत देश को एक और नई ऊंचाई पर ले जाएं जहां पर इस आधुनिकता के युग में भारत एक सर्वश्रेष्ठ देश बनकर अपनी छाप पूरे विश्व में छोड़े साथ ही मोदी की गारंटी 02 के तहत भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में जितने भी वादे किए थे उन सब को पूरा करना उनका लक्ष्य है महतारी वंदन योजना से लेकर किसानों को एक मुस्त उनके द्वारा बेचे गए धान के पैसे से लेकर 2 साल तक के बोनस का वादा एवं शिक्षा संबंधी सभी चीजों को बजट में शामिल किया गया जिसे हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार अपने वादे के अनुसार उसे पूरा करते हुए राज्य को एक नई दिशा में ले जाएगी

# संभागीय अधिकारी बैठक के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें - श्री कंसोटिया

### संभागीय सचिव ने वीडियो कान्फ्रेसिंग से की योजनाओं के क्रियान्वयन के समीक्षा




रीवा विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संभाग स्तर पर बैठकें आयोजित की जा रही हैं। रीवा संभाग के लिए नियुक्त प्रभारी सचिव एसीएस वन जेएस कंसोटिया ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से संभागीय बैठक के निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। श्री कंसोटिया ने कहा कि संभागीय कमिश्नर बैठक के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएं। सभी संभागीय अधिकारी अपने विभाग से जुड़े मुद्दों पर तत्परता से कार्यवाही कर कमिश्नर को प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैठक में शासन स्तर के मामलों के लिए पृथक से कार्यवाही की जा रही है। संभागीय बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी। सांसदगणों, विधायकगणों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों से सतत संवाद रखकर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जन समस्याओं के संबंध में उनसे प्राप्त सुझावों पर तत्परता से कार्यवाही करें। विभिन्न परियोजनाओं में वन विभाग से स्वीकृति के प्रस्ताव संबंधित अधिकारी ऑनलाइन दर्ज करा दें। मुख्य वन संरक्षक रीवा वन विभाग से जुड़े सभी मुद्दों में समन्वय से कार्यवाही कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।वीडियो कान्फ्रेंसिंग में विभागवार बिन्दुओं की जानकारी देते हुए रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में कई महत्वपूर्ण पद रिक्त हैं। इनकी पूर्ति किया जाना आवश्यक है।

# तीसरा वार्षिक सम्मेलन एवं माही बीज महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया





**पाली जिला स्थित** - कोलपुरा ग्राम सीरवी समाज ने बड़े ही धूमधाम से तीसरा वार्षिक सम्मेलन मनाया गया इस वर्ष के लाभार्थी परिवार वेरा अमर्तिया, वेरा भादरवा के स्व –उमाराम काग के समस्त परिवार द्वारा एकम के दिन संपूर्ण रात्रि एवम् माही बीज के दीन पूरे दिन भर बहुत ही सुंदर भजनो का एवम् महाप्रसादी का आयोजन किया गया वह संपूर्ण परिवार एवं संपूर्ण ग्राम वासियों ने धूमधाम से भजनों एवम् महाप्रसादी का लाभ लिया एवम् आयोजन को सफल बनाया एवं मुख्य अतिथियों का काग परिवार द्वारा स्वागत किया गया। आयोजन परिवार का संपूर्ण ग्राम वासियों द्वारा स्वागत किया गया एवं समाज के अध्यक्ष महोदय अमराराम सोलंकी समाज के कोषाध्यक्ष नारायणलाल सोयल ने गांव में हो रहे भवन निर्माण एवम् शमशान घाट के विकास कार्यों को समाज को अवगत कराया गया बताया गया और सभी ग्रामवासियों से सहयोग की मांग की गई। जिसमें सभी ग्राम वासियो ने पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया चौथा वार्षिक सम्मेलन ( 2025) के लाभार्थी परिवार की घोषणा की गई। उसमे लाभार्थी परि

# मुरार टीचर एसोसिएशन द्वारा आयोजित हुआ फ्रेंडली क्रिकेट मैच

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। मुरार टीचर एसोसिएशन द्वारा फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया जो की कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया जिसमें 60 शिक्षकों ने भाग लिया और 4 टीम तैयार की गई। टीमों को क्ष्ष्ठ चार भागों में विभक्त किया गया ।पहला मैच मुरार वॉरियर्स (जेपी सर की टीम) और सीपी स्टार्स (सी पी सर की टीम)के बीच हुआ जिसमें मुरार वॉरियर्स ने 12 ओवर में 4विकेट खोकर 84 रन बनाए जिसमें राठौर सर ने नाबाद 35 रन बनाए और कदम सर द्वारा 20रन बनाए गए और सीपी




स्टार्स की टीम 12 ओवर में केवल 69 रन ही बना सकी और 15 रन से हार गई। जिसमें राठौर सर ने 3 विकेट भी लिए बेहतरीन प्रदर्शन के लिए राठौर सर को मैन ऑफ द मैच दिया गया, दूसरा मैच मुरार पैंथर्स (लक्की सर की टीम)और मास्टर 11 (नितिन सर की टीम) के बीच हुआ जिसमें मुरार पैंथर्स ने 12 ओवर में 90 रन बनाए जिसमें लक्की सर द्वारा 41 गेंदों में नाबाद 61 रन बनाए जिनमें 11 चौके और 1 छक्का शामिल है और मास्टर 11 केवल 76 रन ही बना सकी और 14 रन से हार गई, लक्की सर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया टूर्नामेंट के बाद सभी शिक्षकों को मेडल पहना कर सम्मानित किया गया ।

# हरदा की घटना को लेकर ग्वालियर में कलेक्टर, एस पी ने किया आतिशबाजी गोदाम का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** हरदा में हुई घटना को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में आज मंगलवार को देर शाम ग्वालियर कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश चंदेल सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारियों ने बेला की बावड़ी स्थित कोहिनूर आतिशबाजी गोदाम का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश गोदाम संचालक को दिए।इसके साथ ही कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में यह सुनिश्चित करें कि जहां भी विस्फोटक सामग्री का व्यवसाय होता है वहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण हो तथा आवश्यक अनुमतियां भी चेक करें।



# शासकीय महाविद्यालय चीनौर में विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनाने के लिए दिया गया 30 दिवसीय रोजगार प्रशिक्षण।

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**ग्वालियर।**शासकीय महाविद्यालय चीनौर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के तत्वावधान में विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनाने के लिए 30 दिवसीय मोबाइल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण %प्रतीक मोबाइल सर्विस एण्ड ट्रेनिंग% संस्थान के सौजन्य से पंकज शर्मा के द्वारा दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी परियोजना के माध्यम से महाविद्यालय से डिग्री प्राप्त विद्यार्थियों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस 30 दिवसीय प्रशिक्षण में विद्यार्थियों ने आज के समय की सबसे उपयोगी वस्तु मोबाइल के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के द्वारा विद्यार्थियों ने मोबाइल से संबंधित सूक्ष्म जानकारी जैसे सिम के प्रकार, 2 त्नक्क से 5त्नक्कका बदलाव एवं महत्त्व , मोबाइल की रेम, डिसप्ले, टचस्क्रीन, बैट्री के प्रकार साथ-साथ मोबाइल के इतिहास की जानकारी प्राप्त की। मोबाइल रिपेयरिंग के माध्यम से विद्यार्थी स्वयं के रोजगार को सृजित कर सकता है और अपने भविष्य को उपयोगी बना सकता है।



इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉक्टर कपिल कुमार सिंह राघव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का समय गला काट प्रतिस्पर्धा का है ।ऐसे में स्वयं को स्थापित करने के लिए तकनीकी दक्षता हासिल करनी होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 स्वयं के रोजगार पर बोल देती है। इसका उद्देश्य मात्र डिग्री प्राप्त करना नहीं, इसका उद्देश्य कॉलेज से डिग्री प्राप्त करने के बाद तकनीकी दक्षता हासिल करना है। तकनीकी में दक्ष व्यक्ति कहीं पर भी स्वयं को



आत्मनिर्भर बन सकता है। स्वयं के रोजगार के साथ-साथ अन्य व्यक्तियों को भी रोजगार देने में निपुण हो सकता है। इसलिए शासन ऐसे प्रशिक्षण का आयोजन महाविद्यालय में करा रहा है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर लॉरेंस कुमार बौद्ध ने विद्यार्थियों को रोजगार के नए-नए अवसर के साथ-साथ नई-नई चुनौतियां की ओर भी इशारा किया। आज का विद्यार्थी स्वयं रोजगार को चुनन के लिए स्वतंत्र है ।बदलते समय के अनुरूप विद्यार्थियों को चुनौतियों का सामना करना होगा। आज यदि कोई समय के साथ नहीं चल पा रहा है तो वह समाज पिछड़ जाता है ।इस अवसर पर डॉ बृजेश कुमार शर्मा, डॉ मल्लिका गौर, डॉ सचिन कुमार ,सुश्री ज्योति चौरसिया, शालिनी मेश्राम,डॉ रोहित तौमर, ज्योति राजोरिया, कमल प्रजापति, आकांक्षा साहू के साथ-साथ विद्यार्थियों में पूर्णिमा त्रिपाठी, रानी बाथम, पूनम, शिवानी कुशवाहा, युवराज पवैया, शेखर, विनय, विक्रम ,रामसखी,भुवनेश्वरी आदि उपस्थित थे।

# ग्वालियर मेले में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर।श्रीमद् माधवराव सिंधिया व्यापार मेला में अनोखा समाज कल्याण समिति ग्वालियर मेला 2024 प्रतिभा सम्मान समारोह किया गया कार्यक्रम संयोजन अनुराधा परमार संस्था अध्यक्ष कंचन शर्मा द्वारा सांस्कृतिक आयोजन किए गए 11 फरवरी को एवं 12 फरवरी को प्रतिभा सम्मान समारोह किया गया साथ ही बच्चों के डांस एवं महिलाओं के लिए ग्वालियर मिस का आयोजन किया गया जिसमें 70 से 80 बच्चों ने पार्टिसिपेट किया अन्यथा 20 से 30 महिलाओं ने मॉडलिंग एवं मिस इंडिया ग्वालियर में भाग लेकर अपना प्रतिभा निभाया मुझख अतिथि के रूप मैं जावर सिंह मैं विशिष्ट स्थिति के रूप में पूनम सप्रे मैडम उपस्थिति रही सर ग्वालियर 2024 का



जजमेंट भी पूनम सप्रे मैडम द्वारा ही किया गया हमारे साथ अतिथि के रूप में लायंस क्लब की चार्ट प्रेसिडेंट संगीता सिंह मिली सक्सेना शिक्षा की उपाध्यक्ष शशि गोस्वामी मैसेज ग्वालियर 2024 मेला परिसर में भाग लेने वाली महिलाएं मोनिका वर्मा नेहा अग्रवाल सोनिया शर्मा प्रतिभा दुवे वंदना पाठक आशी अग्रवाल महिलाओं ने भाग लिया मंच विनर महिलाएं प्रथम अंजना पाठक स्थान पर द्वितीय स्थान पर प्रतिभा दुबे रही और तृतीय स्थान पर सोनिया शर्मा रही इन्हें हमारे मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया स्टेज एंकरिंग हरी गुप्ता मीडिया रिपोर्टर गोल्डन न्यूज़ केशव कुशवाहा क्राइम रिपोर्टर कुणाल शर्मा एवं टीम व्यवस्थापक कुलदीप केन केडी बेताल कैन आर्टिस्ट कुणाल शर्मा के सब कुशवाहा रश्मि कुशवाहा भावना तोमर सुरेंद्र धाकड़ उपस्थित राहे

# राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा को लेकर तैयारियां जोरों पर

इस महीने राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा ग्वालियर आ रही है। इसी को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने गोलपहड़ियां ब्लॉक और हेमू कालाणी ब्लॉक की बैठक ली। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये समय संघर्ष का है। जुल्म, अन्याय, अत्याचार के खिलाफ हम सब को मिलकर संघर्ष करना है। राहुल जी की मंशानुसार घर घर मोहब्बत का पैगाम ले जाना है। ब्लॉक अध्यक्ष राजेश बाबू एवं कैलाश चावला ने कहा कि महगाई, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था ये दर्शाती है कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व मे ब्लॉक का एक - एक कार्यकर्त्ता संघर्ष करने को तैयार है। राहुल गांधी की यात्रा को लेकर हम घर घर जाकर यात्रा के उद्देश्यों के बारे मे बताएंगे। बैठक मे कार्यकारी



अध्यक्ष इब्राहिम पठान, महाराज सिंह पटेल, रमेश चौरसिया, ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश चावला, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश बाबू , भैयालाल भटनागर, मुनेश निगम, एम के कुरेशी, डॉ आर सी राजपूत, जिवाजीराव माडोले, विजय शर्मा, धर्मेंद्र जैन, लीला शिंदे, दिनेश शर्मा, मोनू सोलंकी, पूनम प्रजापति, विनोद गोयल, श्याम सुंदर श्रीवास्तव, भगवानदास सोलंकी, हाजी रहीस अहमद, आलोक शर्मा, लक्ष्मी नारायण राजोरिया, अरविंद राठौर,पवन शर्मा, सलीम खान,नरेंद्र मैकले, विनोद सेन, मोहित दुसेजा, कपिल पाल, हनीश सूरी, अशफाक उद्दीन, यूसुफ खान , युनुस खान, आकाश खटीक, हरीश पक्षवर, सज्जन चौधरी, मुकेश चौरसिया, अब्दुल अजीज, संजीव जयंत, पवन रजक, शिवा कुशवाह, अरमान खान, विनोद प्रजापति, सुधीर सिंह चौहान, रवि गरुड़, राहुल वर्मा, देवेन्द्र कैन, लाला शर्मा, डॉ सतीश यादव, आशिक खान, सतेंद्र राठौर, मुख्यत्यार खान, जितेंद्र सिंह , आरिफ खान, राजेश शाक्यवार, नरेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे। संचालन तरुण यादव ने किया।

# परचे भरने है 15 तक, लेकिन अभी तक राज्यसभा उम्मीदवार घोषित नहीं हुये




भोपाल। भाजपा की राज्यसभा सूची आखिर कहां अटक गई, भाजपाइयों में भी अब चर्चा हैं। विशेष बात यह हैं कि 15 फरवरी को राज्यसभा के लिये पर्चा भरने का आखिरी दिन हैं। भाजपा अभी तक अपने राज्यसभा उम्मीदवारों के नाम सार्वजनिक नहीं कर सकी है।हालांकि ऐसी संभावना है कि राज्यसभा के लिये ग्वालियर चंबल संभाग से दो नेताओं को मौका मिल सकता हैं। इसमें एक पूर्व मंत्री व सांसद भी रहे हैं। एक पूर्व मंत्री जो नर्मदापुरम के रहने वाले है उनको भी राज्यसभा में लाया जा रहा है। कुल मिलाकर भाजपा की राज्यसभा उम्मीदवारी सूची पर सबकी निगाह है। वैसे भाजपा इस बात के प्रयास कर रही है कि मध्यप्रदेश की पांचों रिक्त हुई राज्यसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा हो जाये। संख्या बल के हिसाब से तो चार सीट भाजपा को मिलनी हैं। एक सीट भाजपा कांग्रेस में सेंध लगाकर कब्जा करने का प्रयास कर रही हैं। यही स्थिति कांग्रेस में भी बनी है। कांग्रेस के भी राज्यसभा उम्मीदवार को अभी तक घोषित नहीं किया गया है।

## सक्रिय सिंधिया ने कसी ग्वालियर चंबल अंचल में कांग्रेस में नकेल

ग्वालियर। आगामी लोकसभा के लिए अभी तारीखों का एलान हुआ नहीं है , लेकिन उससे पहले ही केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस में नकेल डालना शुरू कर दिया है। वह ग्वालियर चंबल अंचल के जिलों का समय समय पर दौरा कर रहे हैं और इसी के साथ वह कांग्रेस में कार्य कर रहे

# बसंत पंचमी उत्सव में हरिहर मंदिर से प्रभात फेरी निकालकर पहुंचे हनुमान मंदिर, 101 महिलाओं ने सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया

ग्वालियर>बसंत पंचमी उत्सव में आज हरिहर मंदिर आदर्श कॉलोनी से श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरी प्रारंभ कर गणेश मंदिर, शंकर परिवार मंदिर , माता के मंदिर , राधा कृष्ण मंदिर से होते हुए पहुंचे राम भक्त हनुमान मंदिर में पहुंचे और फिर वहां श्रद्धालुओं का स्वागत किया।तत्पश्चात राधा माधव मंडल एवं महिला मंडल द्वारा संकीर्तन हुआ एवं प्रसादी वितरण की शाम को महिला मंडल द्वारा हरिहर मंदिर में 101 महिलाओं ने किया सामूहिक सुंदरकांड का पाठ , एवं संकीर्तन जिसमें भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी एवं छप्पन भोग लगाया गया। प्रभात फेरी में बलवंत जी मदान, योगेश शर्मा, सोमनाथ अनेजा, नरेश अरोड़ा, किशनलाल नागपाल, तिलक राज बेरी, इंद्र बत्रा, कमल मिगलानी, इंद्र बेरी श्याम जुनेजा,जवाहर सचदेवा, सुभाष पसरिचा, वीणा शर्मा ,कमलेश बेरी, राज मदान वीर मदान,सुषमा रिंकू कथरिया , अंशु अरोरा, ललिता बेरी, नीरू घई,ममता नागपाल, सुषमा कथूरिया, वीनू अरोड़ा, राधा ठकराल, सुदेश बत्रा, चरणजीत जुनेजा पप्पी, उर्मिला जुनेजा, राजेश भटियाणी, गुलशन अरोड़ा, सतीश अरोड़ा रवि अनेजा आदि भारी संख्या में महिला पुरुष प्रभात फेरी में उपस्थित थे । कल 14 फरवरी बसंत पंचमी को प्रातः प्रभात फेरी तिलकराज बेरी जी के निवास पर पहुंचेगी हरिहर मंदिर में दोपहर को थाली सजाओ एवं उन प्रतियोगिताएं खिलाई जाएगी तत्पश्चात झंडा वादन भगत जी के सुपुत्र पदम जुनेजा एवं उर्मिला जुनेजा द्वारा कराया जाएगा

# व्यापारी लूटकांड: चेम्बर ने मुरैना जाकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

ग्वालियर। मुरार (ग्वालियर) के सोना-चाँदी व्यवसाई राहुल गोयल के सेल्समैन, शैलेष गुप्ता के साथ 31 जनवरी को पुलिस थाना-बागचीनी (जिला-मुरैना) में लूट व डकैती की घटना सहित मुरैना शहर के सोना-चाँदी व्यवसाई, अतुल गुप्ता, मेसर्स अतुल ज्वेलर्स के साथ 5 फरवरी को हुई 7 लाख की लूट की घटना के दोषी अपराधियों को आज दिनांक तक गिरफ्तार नहीं किए जाने के विरोध में ग्वालियर एवं मुरैना के सराफा व्यवसाईयों सहित अन्य कारोबारियों द्वारा आज चरणबद्ध आंदोलन की प्रथम कड़ी में एक ज्ञापन, पुलिस अधीक्षक, जिला-मुरैना को उनके कार्यालय में सौंपा गया है । इससे पूर्व ग्वालियर के व्यवसाई अपने-अपने वाहनों से अग्रवाल सेवा सदन, टीआरपुरम, मुरैना पहुँचे । इसी सदन में मुरैना के लगभग 300 व्यवसाई पूर्व से ही वहाँ पर उपस्थित थे और अग्रवाल सेवा सदन में एक बैठक आयोजित हुई ।उक्त बैठक में तय हुआ कि इस आंदोलन को हम चलाएँगे और मुरैना के व्यवसाई इसका पूर्ण रूप से साथ देंगे । व्यापार मण्डल एवं सराफा संघ



भविष्य में चेम्बर के साथ आगे भी कार्य करेगा और चेम्बर के प्रत्येक आंदोलनों में भाग लेगा । तत्पश्चात एक जुलूस के रूप में सभी व्यवसाई नारे लगाते हुए लगभग डेढ किलोमीटर पैदल चलकर, एस. पी. कार्यालय पहुँचे और एस. पी. कार्यालय पर नारेबाजी की । वहाँ उपस्थित एस. पी. महोदय ने कहा कि अपन सभी कंट्रोल रूम में बैठक चर्चा करते हैं । इस अवसर पर एस. पी. शैलेन्द्र सिंह चौहान के साथ बैठक चर्चा की । चर्चा के दौरान एडीशनल एस. पी., डॉ. अरविन्द ठाकुर उपस्थित थे। एस.पी. शैलेन्द्र सिंह चौहान ने अपनी बात रखते हुए कहाकि हमारी मंशा साफ है और हम अपराधियों को जल्दी से जल्दी पक?ना चाहते हैं, परन्तु जब पुलिस बहुत तेजी से किसी अपराधी के पीछे लगती है, तब वह अंडरग्राउण्ड हो जाती है और उन्हें पक?ने में समय लगता है । आपने मुरैना में हुई लूट की घटना पर कहाकि इस लूट की सूचना हमें समय से मिल गई थी, और हमने पूरी मेहनत व होमवर्क के साथ अपराधियों पर कार्यवाही की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया । आपने कहाकि कि ग्वालियर के व्यापारी के साथ मुरैना क्षेत्र में हुई लूट की घटना में व्यवसाई को भी सुरक्षा गार्ड माल को भेजना चाहिए था । आपने कहाकि मुरार के व्यवसाई के साथ हुई लूट की घटना में पुलिस लगातार अपने कार्य में लगी हुई है और पाँच शहरों में पुलिस की टीम बदमाशों की खोज कर रही है । आपने अंत में कहाकि आप पुलिस पर भरोसा रखिए, मुरैना के व्यवसाई के साथ हुई लूट की घटना की तरह ही शीघ्र ही ग्वालियर के कारोबारी के साथ हुई लूट की घटना के आरोपियों को भी शीघ्र ही पक?ा जाएगा

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478